ॐ गंध॒द्वारां दु॒राध॒र्षां नि॒त्यपु॑ष्टां करी॒षिणी॑म्। ई॒श्व॒रीं सर्व॑भूता॒नां ता॒मि॒होप॑ह्वये॒ श्रियम्॥ (पञ्चम मराडलस्य परिशिष्टम्)

ॐनवग्रहमराडलस्थ आवाहित देवताभ्यो नमः, गन्धं समर्पयामि।

अक्षतम्—ॐ अर्चं॑त॒ प्रार्चं॑त॒ प्रिय॑मेधासो॒ अर्चं॑त। अर्चं॑न्तु पु॒त्रका उ॒तपु॑र॒न्न धृ॒ष्ण्व॑र्चत॥ (ऋग्वेद ८.६९.८)

ॐनवग्रह मराडलस्थ आवाहित देवताभ्यो नमः, अक्षतान् समर्पयामि।

पुष्पाणि—ॐ आय॑ने ते॒ परा॑यणे॒ दूर्वा॑ रोहन्तु॒ पु॒ष्पिणी॑ः। ह्र॒दाश्च॑ पु॒राडरी॑काणि समु॒द्रस्य॑ गृ॒हा इमे॥ (ऋग्वेद १०.१४२.८)

ॐ तस्मा॒दश्वा॑ अजायन्त॒ ये के च॑ोभ॒याद॑तः। गावो॑हजज्ञि॒रे तस्मा॒त् तस्मा॑ज्जा॒ता अ॑जा॒ वय॑ः॥ (ऋग्वेद १०.९०.१०)

ॐ मन॑स॒ः काम॒नाकू॑तिं वा॒चः स॒त्यम॑शीमहि। प॒शू॒नां रू॒पम॑न्न॒स्य॒ मयि॒ श्रीः श्र॑यतां॒ यश॑ः॥ (ऋग्वेद - पञ्चम मराडलस्य परिशिष्टम्)

ॐनवग्रह मराडलस्थ आवाहित देवताभ्यो नमः, पुष्पाणि समर्पयामि।

नाम पूजा

ॐसहस्रकिरणाय नमः। ॐसूर्याय नमः। ॐतपनाय नमः। ॐसवित्रे नमः। ॐरवये नमः। ॐविकर्तनाय नमः। ॐजगच्चक्षुषे नमः। ॐद्युमणये नमः। ॐतिग्मदीधितये नमः। ॐत्रयीमूर्तये नमः। ॐद्वादशात्मने नमः। ॐब्रह्माविष्णुशिवात्मकाय नमः। ॐआदित्याय नमः। ॐअग्नये नमः। ॐरुद्राय नमः। ॐचन्द्रमसे नमः। ॐअद्भ्यो नमः। ॐगौर्यै नमः। ॐअङ्गारकाय नमः। ॐभूम्यै नमः। ॐस्कन्दाय नमः। ॐबुधाय नमः। ॐविष्णवे नमः। ॐपुरुषाय नमः। ॐबृहस्पतये नमः। ॐइंद्राय नमः। ॐब्रह्मणे नमः। ॐशुक्राय नमः। ॐइंद्राण्यै नमः। ॐइंद्राय नमः। ॐशनैश्चराय नमः। ॐप्रजापतये नमः। ॐयमाय नमः। ॐराहवे नमः। ॐसर्पेभ्यो नमः। ॐमृत्यवे नमः। ॐकेतवे नमः। ॐब्रह्मणे नमः। ॐचित्रगुप्ताय नमः। ॐविनायकाय नमः। ॐदुर्गायै नमः। ॐक्षेत्रपालाय नमः। ॐवायवे नमः। ॐआकाशाय नमः। ॐअश्विभ्यां नमः। ॐइन्द्राय नमः। ॐअग्नये नमः। ॐयमाय नमः। ॐनिर्ऋतये नमः। ॐवरुणाय नमः। ॐवायवे नमः। ॐसोमाय नमः। ॐईशानाय नमः। ॐनवग्रह मराडलस्थ आवाहित देवताभ्यो नमः, नाम पूजां समर्पयामि।

धूपः— वनस्पति रसोत्पन्नो गन्धाढ्यः सुमनोहरः। आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ यत्पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्। मुखं किमस्य कौ बाहू का ऊरू पादा उच्येते॥ *(ऋग्वेद १०.९०.११)*

ॐ कर्दमेन प्रजा भूता मयि सम्भव कर्दम। श्रियं वासय मे कुले मातरं पद्ममालिनीम्॥ *(ऋग्वेद - पञ्चम मण्डलस्य परिशिष्टम्)*

ॐ नवग्रह मण्डलस्थ आवाहित देवताभ्यो नमः, धूपं आघ्रापयामि।

दीपं— साज्यं त्रिवर्ति संयुक्तं वह्निना योजितं मया। गृहाण मङ्गलं दीपं त्रैलोक्यतिमिरापह॥

ॐ ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतः। ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत॥ *(ऋग्वेद १०.९०.१२)*

ॐ आपः स्रजन्तु स्निग्धानि चिक्लीत व स मे गृहे। नि च देवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले॥ *(ऋग्वेद - पञ्चम मण्डलस्य परिशिष्टम्)*

ॐ नवग्रह मण्डलस्थ आवाहित देवताभ्यो नमः, दीपं दर्शयामि। धूपदीपानन्तरं आचमनीयं समर्पयामि।

नैवेद्यं—नैवेद्य रखने के स्थल पर मण्डल बनायें (चतुरस्त्र) नैवेद्य को मण्डल पर रखने के बाद मंत्र पढ़ें। विश्वामित्र ऋषिः देवी गायत्री छन्दः, सविता देवता निवेदने विनियोगः। एक बार नैवेद्य पर गायत्री मंत्र से प्रोक्षण करें। सत्यं त्वर्तेन परिषिञ्चामि इस मंत्र से दिन में एवं **ऋतं त्वा सत्येन परिषिञ्चामि।** इस मंत्र से रात्रि में परिषिञ्चन करें।

यथा संभव नैवेद्यं निरीक्षस्व कहकर प्रार्थना कर **अमृतोपस्तरणमसि** मन्त्र से जल छोड़ें। बायें हाथ से ग्रास मुद्रा (जैसे बछड़े को घास खिलाते हैं) एवं दाहिने हाथ से निम्न मुद्राओं से देवताओं को नैवेद्य अर्पण करें। मन में कल्पना करें कि भगवान को खिला रहे हैं। प्राणाय स्वाहा। अपानाय स्वाहा। व्यानाय स्वाहा। उदानाय स्वाहा। समानाय स्वाहा। ॐ घृणिः सूर्य आदित्यः-इस मूल मंत्र को आठ बार जप करें।

ॐ स्वादुः पवस्व दिव्याय जन्मने स्वादुरिन्द्राय सुहवीतु नाम्ने।
स्वादुर्मित्राय वरुणाय वायवे बृहस्पतये मधुमाँ अदाभ्यः॥ *(ऋग्वेद ९.८५.६)*

ॐ चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत। मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च प्राणाद्वायुरजायत॥ *(ऋग्वेद १०.९०.१३)*

ॐ आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं पिङ्गलां पद्ममालिनीम्। चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह॥ (ऋग्वेद - पञ्चम मण्डलस्य परिशिष्टम्)

यथा सम्भवं नैवेद्यं निवेदयामि। अमृतापिधानमसि। कहकर उत्तरापोशण जल दें। उत्तरापोशनार्थं जलं समर्पयामि। हस्तप्रक्षालनार्थे जलं समर्पयामि। गण्डूषार्थे जलं समर्पयामि। शुद्धाचमनार्थे जलं समर्पयामि। करोद्वर्तनार्थे चन्दनं समर्पयामि।

ताम्बूलम्—पूगीफलसमायुक्तं नागवल्ल्यादलैर्युतम्। चूर्ण कर्पूर संयुक्तं ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम्॥ ॐ नवग्रह मण्डलस्थ आवाहित देवताभ्यो नमः, क्रमुक ताम्बूलं समर्पयामि। ताम्बूल के पश्चात् नीराजन करें।

ॐ अर्चत प्रार्चत प्रियमेधासो अर्चत। अर्चन्तु पुत्रका उत पुरं न घृष्ण्वर्चत॥ (ऋग्वेद ८.६९.८)

ॐ श्रिये जातः श्रिय आनिरियाय श्रियं वयो जरितृभ्यो दधाति।
श्रियं वसाना अमृतत्वमायन् भवन्ति सत्या समिथा मितद्रौ॥ (ऋग्वेद ९.९४.४)

ॐ ध्रुवा द्यौर्ध्रुवा पृथिवी ध्रुवासः पर्वता इमे। ध्रुवं विश्वमिदं जगद् ध्रुवो राजा विशामयम्॥
ॐ ध्रुवं ते राजा वरुणो ध्रुवं देवो बृहस्पतिः। ध्रुवं त इन्द्रश्चाग्निश्च राष्ट्रं धारयतां ध्रुवम्॥ (ऋग्वेद १०.१७३.४-५)

ॐ नवग्रह मडलस्थ आवाहित देवताभ्यो नमः, मङ्गल नीराजनं दर्शयामि।

मन्त्र पुष्पः—ॐ आ कृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च।
हिरण्ययेन सविता रथेनाऽऽदेवो याति भुवनानि पश्यन्॥ (ऋग्वेद १.३५.२)

ॐ आप्यायस्व समेतु ते विश्वतः सोम वृष्ण्यम्। भवा वाजस्य सङ्गथे॥ (ऋग्वेद १.९१.१६)

ॐ अग्निर्मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपां रेतांसि जिन्वति। (ऋग्वेद ८.४४.१६)

ॐ उद्बुध्यध्वं समनसः सखायः समग्निमिंध्वं बहवः सनीळाः।

दधिक्रामग्निमुषसं च देवीमिन्द्रावतोऽवसे निह्वये वः॥ (ऋग्वेद १०.१०१.१)
ॐ बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद्द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु।
यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहिचित्रम्॥ (ऋग्वेद २.२३.१५)
ॐ शुक्रं ते अन्यद्यजतं ते अन्यद्विषुरूपे अहनीद्यौरिवासि।
विश्वा हि माया अवसि स्वधावो भद्रा ते पूषन्निह रातिरस्तु॥ (ऋग्वेद ६.५८.१)
ॐ शमग्निरग्निभिः करच्छनस्तपतु सूर्यः। शं वातो वात्वरपा अपस्त्रिधः॥ (ऋग्वेद ८.१५.९)
ॐ कयानश्चित्र आ भुवदूती सदावृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता॥ (ऋग्वेद ४.३१.१)
ॐ केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशोमर्या अपेशसे। समुषद्भिरजाय थाः॥ (ऋग्वेद १.६.३)

ॐ नवग्रह मण्डलस्थ आवाहित देवताभ्यो नमः, मंत्रपुष्पं समर्पयामि।

प्रदक्षिणा नमस्कारः—यानि कानि च पापानि जन्मान्तर कृतानि च। तानि तानि प्रणश्यन्ति प्रदक्षिणा पदे पदे॥

ॐ सप्तास्या सन् परिधयस्त्रिः सप्तसमिधः कृताः। देवा यद्यज्ञं तन्वाना अबध्नन् पुरुषं पशुम्॥ (ऋग्वेद १०.९०.१५)
ॐ तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्। यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो दास्योऽश्वान् विन्देयं पुरुषानहम्।
(ऋग्वेद-पञ्चम मण्डलस्य परिशिष्टम्)

ॐ नवग्रहमण्डलस्थ आवाहित देवताभ्यो नमः, प्रदक्षिणा नमस्कारान् समर्पयामि।

प्रसन्नार्घ्यः—ॐ प्रभाकराय विद्महे दिवाकराय धीमहि। तन्नः सूर्यः प्रचोदयात्॥ ॐ अत्रिपुत्राय विद्महे अमृतोद्भवाय धीमहि। तन्नः सोमः प्रचोदयात्॥ ॐ भूमिपुत्राय विद्महे भारद्वाजाय धीमहि। तन्नः कुजः प्रचोदयात्॥ ॐ तारापुत्राय विद्महे सोमपुत्राय धीमहि। तन्नो बुधः प्रचोदयात्॥ ॐ देवाचार्याय विद्महे वाचस्पतये धीमहि। तन्नो गुरुः प्रचोदयात्॥ ॐ दैत्याचार्याय विद्महे विद्यारूपाय धीमहि। तन्नः शुक्रः प्रचोदयात्॥ ॐ सूर्यपुत्राय विद्महे शनैश्चराय धीमहि।

तन्नो मंदः प्रचोदयात् ॥ ॐ सैंहिकेयाय विद्महे तमोमयाय धीमहि। तन्नो राहुः प्रचोदयात् ॥ ॐ ब्रह्मपुत्राय विद्महे विकृतास्याय धीमहि। तन्नः केतुः प्रचोदयात् ॥
ॐ नवग्रह मण्डलस्थ आवाहित देवताभ्यो नमः, इदमर्घ्यं, इदमर्घ्यं, इदमर्घ्यं, प्रसन्नार्घ्यं समर्पयामि।

सर्वोपचार पूजनम्—ॐ छत्रं समर्पयामि। चामरेण वीजयामि। गीतं गायामि। नाट्यं नटामि। आन्दोळिकामारोहयामि। अश्वमारोहयामि। गजमारोहयामि। समस्त राजोपचार देवोपचारपूजां समर्पयामि।

ॐ यज्ञेनं यज्ञमंयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यांसन्। तेह नाकं महिमानंः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्तिं देवाः ॥
(ऋग्वेद १०.९०.१६)

ॐ यः शुचिः प्रयंतो भूत्वा जुहुयांदाज्यमन्वंहम्। सूक्तं पंचदंशर्चं च श्रीकामंः सततं जंपेत् ॥ (ऋग्वेद-पञ्चम मण्डलस्य परिशिष्टम्)

ॐ नवग्रह मण्डलस्थ आवाहित देवताभ्यो नमः, सर्वोपचारपूजां समर्पयामि।

प्रार्थना— **ग्रहाणामादिरादित्यो लोकरक्षणकारकः। विषमस्थानसंभूतां पीडां हरतु ते रविः ॥**
रोहिणीशः सुधामूर्तिः सुधागात्रः सुधाशनः। विषमस्थानसंभूतां पीडां हरतु ते विधुः ॥
भूमिपुत्रो महातेजा जगतां भयकृत्सदा। वृष्टिकृद्वृष्टिहर्ता च पीडां हरतु ते कुजः ॥
उत्पातरूपो जगतां चन्द्रपुत्रो महाद्युतिः। सूर्य प्रियकरो विद्वान् पीडां हरतु ते बुधः ॥
देवमन्त्री विशालाक्षः सदालोकहितेरतः। अनेक शिष्य संपूर्णः पीडां हरतु ते गुरुः ॥
दैत्यमन्त्री गुरुस्तेषां प्राणदश्च महामतिः। प्रभुस्ताराग्रहाणां च पीडां हरतु ते भृगुः ॥
सूर्यपुत्रो दीर्घदेहो विशालाक्षः शिवप्रियः। मंदचारः प्रसन्नात्म पीडां हरतु ते शनिः ॥
महाशिरा महावक्त्रो दीर्घदंष्ट्रो महाबलः। अतनुश्चोर्ध्व केशश्च पीडां हरतु ते तमः ॥
अनेक रूपवर्णैश्च शतशोथ सहस्त्रशः। उत्पातरूपो जगतः पीडां हरतु ते शिखी ॥ (ब्रह्मकर्म समुच्चय)

आरोग्यं पद्मबन्धुर्वितरतु विपुलां संपदं शीतरश्मिः, भूलाभं भूमिपुत्रः सकलगुणयुतां वाग्विभूतिं च सौम्यः। सौभाग्यं देवमन्त्री रिपुभयशमनं भार्गवः शौर्यमार्किः, दीर्घायुस्सैंहिकेयो विपुलतरयशः केतुराचन्द्रतारम्॥ शान्तिरस्तु। शिवं ते अस्तु। ग्रहाः कुर्वन्तु मङ्गलम्। अरिष्टानि प्रणश्यन्तु। दुरितानि भयानि च।

ॐ नवग्रहमण्डलस्थ देवताभ्यो नमः, प्रार्थनां समर्पयामि। अनेन कृत पूजनेन आदित्यादि नवग्रहदेवताः प्रीयन्ताम्॥

यहाँ पर नवग्रह पूजन समाप्त हुआ। मण्डप में कलशों का पूजन भी संपूर्ण हुआ।

अग्निमुख प्रकरण

सृष्टि के आरम्भ में ब्रह्मा जी के मुख से ब्राह्मण एवं अग्नि का प्रादुर्भाव हुआ। इसलिए ब्राह्मणों के लिए अग्नि प्रधान देवता है। अग्नि में देने वाले हविर्भाग समस्त देवताओं को प्राप्त होते हैं। अतः अग्नि मुख से द्रव्यों का देवताओं को अर्पण कर अपने वांच्छित वस्तुओं को अपने लिए एवं राष्ट्र के लिए प्राप्त करते थे। इसलिए अग्नि सिद्धि प्राप्त करते थे। इसके लिए सूर्यकान्त मणि से अग्नि को प्रज्वलित करते थे। जिनके पास यह नहीं था वे अरणी मन्थन विधान से पीपल का नीचे वाला आधार, एवं खदिर की मथनी से मथ कर अग्नि प्रज्वलित करते थे।

दोनों न होने पर आस-पास के श्रोत्रियों के घर से अग्नि लाकर होम में प्रयुक्त करते थे लौकिक अग्नि का उपयोग प्रयोग में नहीं था श्रोत्रीय अग्नि या सूर्यकान्त मणि का अग्नि या अरणी मन्थन की अग्नि से भी षोडश संस्कार करना चाहिये। बड़े यज्ञों में यही विधान अनिवार्य है। यज्ञों के प्रधान देवता के अनुसार वैष्णवाग्नि, शैवाग्नि, गाणपत्याग्नि, दुर्गाग्नि, हरिहराग्नि, शास्ताग्नि, स्कन्दाग्नि, नामक सात अग्नियों में अपने कर्म के लिए आवश्यक अग्नि को सृष्टिकर उसमें यागादि करने से यज्ञ का संपूर्ण फल प्राप्त होता है। अन्यथा अत्यल्प फल मिलता है।

अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यक् आदित्यं उपतिष्ठते। आदित्याज्जायते वृष्टिः वृष्टेरन्नं ततः प्रजाः॥ *(मनुस्मृति)*

विधि पूर्वक किया गया अग्नि की आहुतियाँ सूर्य को प्राप्त होते हैं। सूर्य से बारिश होती है। बारिश से अन्न (धान्य) एवं उससे प्रजा होते हैं। अर्थात् विधिपूर्वक किये गये यज्ञों से समृद्धि होती है। इस विधान में पूर्वाङ्ग अर्थात् प्रधान होम से पहले करने वाला कर्म एवं उत्तराङ्ग अर्थात् प्रधान होम के बाद करने वाले कर्म को पूर्णतया बताने वाला विधान अग्निमुख कहलाता है।

प्रत्येक वेद का अलग-अलग विधान है। ऋग्वेद में बाष्कल शाकल दो शाखायें हैं। अधिकतर शाकल शाखा के विधान का अनुसरण करते हैं। उसी क्रम से आगे अग्निमुख प्रयोग है। अग्निमुख शुद्ध होने पर ही यज्ञ का फल प्राप्त होता है। लौकिकाग्नि में किये गये हव्य देवताओं को नहीं प्राप्त होते हैं। अतः इसे सावधानी से करना चाहिये।

ऋग्वेद के २१ शाखाओ में २ शाखायें शेष है। यजुर्वेद के १०१ शाखओं में ५ शाखायें उपलब्ध हैं।
सामवेद के १०० शाखओं में ३ शाखयें उपलब्ध हैं। अथर्ववेद मे ९ शाखओं में १ शाखा उपलब्ध है।

लौकिके पावको ह्यग्निः प्रथमः परिकीर्तितः।

लौकिक कार्यों में पावकाग्नि कहलाता है। अग्निस्तु मारुतोनाम गर्भाधाने प्रकीर्तितः। गर्भाधान में मारुत नामक अग्नि कि प्रतिष्ठा होती है।

पुंसवे पवमानस्तु शोभनः शुभकर्मसु।

पुंसवन में पवमान नामक अग्नि एवं शुभकार्यों में शोभन नामक अग्नि की प्रतिष्ठा होती है।

सीमान्ते मंगलोनाम प्रबलो जातकर्मणि। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

सीमान्त संस्कार में मंगल नामक अग्नि एवं जात कर्म संस्कार में प्रबल नामक अग्नि की प्रतिष्ठा होती है।

पार्थिवो नामकरणे प्राशनेन्नस्यवैशुचिः। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

नामकरण संस्कार में पार्थिव अग्नि एवं अन्न प्राशन में शुचि नामक अग्नि कि प्रतिष्ठा होती है।

सभ्यनामातु चूडायां व्रतादेशे समुद्भवः। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

चूडाकर्म संस्कार में सभ्यनाम अग्नि उपनयन व्रत में समुद्भव नामक अग्नि कि प्रतिष्ठा होती है।

गोदाने सूर्यनामास्यद्विवाहे योजकः स्मृतः। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

गोदान में सूर्य नामक अग्नि एवं विवाह में योजन नामक अग्नि की प्रतिष्ठा होती है।

आवसथ्ये द्विजो ज्ञेयो वैश्वदेवेतु रुक्मकः। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

अतिथि सत्कारादि में प्रयुक्त आवसथ्य में द्विज नामक अग्नि एवं वैश्वदेव पाँच महायज्ञों में एक में रुक्मक नामक अग्नि की प्रतिष्ठा होती है।

प्रायश्चित्ते विटश्चैव पाकयज्ञेषु पावकः। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

प्रायश्चिताङ्ग होम में विट नामक अग्नि एवं पाकसंस्थ यज्ञों में असप्त सोमसंस्था, (सप्त हविः संस्था, सप्त पाकसंस्था) इन २१ यज्ञों में पावक नामक अग्नि की प्रतिष्ठा होती है।

देवानां हव्यवाहश्चपितॄणां कव्यवाहनः। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

सामान्य देवे कार्यो में हव्यवाहन नामक अग्नि एवं पितृयज्ञों में कव्यवाहन नामक अग्नि की प्रतिष्ठा होती है।

शान्तिके वरदः प्रोक्तः पौष्टिके बलवर्धनः। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

समस्त शान्तिकर्मो में वरद नामक अग्नि एवं समस्त पौष्टिक कर्मो में बलवर्धन नामक अग्नि की प्रतिष्ठा होती हैं।

पूर्णाहुत्यां मृडोनाम क्रोधोग्निश्चाभिचारिके। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

पूर्णाहुति में मृडनाम अग्नि एवं अभिचार (शत्रु नाशादि) कर्मो में क्रोध नामक अग्निकि प्रतिष्ठा होती हैं।

वश्यार्थे कामदो नाम वनदाहे तु दूषकः। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

वशीकरण कर्म में कामद नामक अग्नि एवं वनदाह कर्म में (उदाहरण—खाण्डव दहन) दूषक नामक अग्नि की प्रतिष्ठा होती है।

कुक्षौ तु जाठरो ज्ञेयः क्रव्यादोमृतदाहने। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

पेठ में जाठर नामक अग्नि एवं मरे हुए को जलाने में क्रव्याद नामक अग्नि की प्रतिष्ठा होती है।

वह्निनामालक्षहोमे कोटिहोमे हुताशनः। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

जहाँ लक्ष संख्याक होम होता है वहाँ वह्नि नामक अग्नि, कोटिहोम में हुताशन नामक अग्नि की प्रतिष्ठा होती है।

वृषोत्सर्गेऽध्वरो नाम शुचये ब्राह्मणः स्मृतः। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

अपर संस्कार में ग्यारवें दिन करने वाला कर्म में, अथवा अपुत्र व्यक्ति स्वतः जीवित रहते इस कर्म को करते समय अध्वर नामक अग्नि, एवं शुद्धि के लिए करने वाले कर्म में ब्राह्मण नामक अग्नि की प्रतिष्ठा होती है।

समुद्रे वाडवोह्यग्निः क्षये संवर्तकस्तथा। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

समुद्र में वाडव नामक अग्नि एवं प्रलय काल में संवर्तक नामक अग्नि की प्रतिष्ठा होती है।

ब्रह्मावैगार्हयत्पश्च ईश्वरो दक्षिणास्तथा। विष्णुराहवनीयः स्यादग्निहोत्रेत्रयोग्नयः॥ *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

अग्निहोत्र में प्रयुक्त तीन अग्नियों में गार्हपत्य अग्नि में ब्रह्मा नामक अग्नि, दक्षिणाग्नि में ईश्वर नामक अग्नि, आहवनीय अग्नि में विष्णु नामक अग्नि की प्रतिष्ठा होती है।

ज्ञात्वैवमग्निनामानि गृह्यकर्म समारभेत्। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

इन अग्नियों के नामों को जानकर ही कर्म करना चाहिये।

इमानिसर्वसंस्कारशांतिकपौष्टिकाद्यनुष्ठानोपयुक्तानि तत्र तत्र योज्यान्यग्निनामानि।

ऊपर लिखे अग्नि नामों को जानकर उन्हें प्रयोगकर सभी संस्कार, शान्तिक, पौष्टिक आदि अनुष्ठान करने चाहिये।

वैदिक प्रक्रिया से अग्नि प्रज्वलन – **तत्र यजमानः कृतनित्यक्रियः शुचिः परिहित धौतवासाः पीठोपविष्टः प्राङ्मुखः वाग्यतो द्विराचम्य दर्भपाणिः प्राणानायम्य देशकालौ संकीर्त्य ममोपात्त दुरितक्षयद्वारा परमेश्वर प्रीत्यर्थं अमुक कर्म करिष्ये।**

सामान्य संस्कारों में ऋत्विग्वरण के बाद एवं विशिष्ठ यज्ञों में मधुपर्क के बाद पूर्वाभिमुख बैठकर दो बार आचमन करें, हाथ में कुश लेकर—

अप्रच्छिन्नाग्रौ अनन्तर्गर्भै प्रादेशमात्रौ कुशौ पवित्रम्।

कुश लगभग १२ अंगुल लम्बे हो जिनका अग्र टूटा न हो, एवं दूसरे कुश किले न हो ऐसे दो कुशों से बनाना चाहिये।

ग्रन्थीकृत पवित्रेण न भुञ्जीयात् न चाचमेत्। न पिबेत् यदि कृत्वैतान्तदातच्छेणितं भवेत्॥
तस्मादग्रथितेनाम्बु पिबेत् भुञ्जीतचाचमेत्। *(अश्वलायन स्मृति)*

ग्रन्थि (गाँठ) युक्त पवित्र पहनकर न खाना चाहिये आचमन भी नहीं करना चाहिये। यदि उसे पहनकर खाने से आचमन करने से वह भेजन एवं जल रक्त समान हो जाता है। इसलिए बिना गाँठ बाँधे हुए कुश से भोजन एवं आचमन करना चाहिये।

हैमेन सर्वदा सर्वान् कुर्यादेवाविचायन्। *(अश्वलायन स्मृति)*

सोने के पवित्र बनाकर सभी कर्म कर सकने हैं। कारण यह पवित्र कभी अपवित्र नहीं होता है। अतः संभव हो तो पवित्र उपयोग में ला सकते हैं। कुशों को हाथ में लेकर प्राणायाम करें प्राणायाम के बाद संकल्प लेवें।

तदंगहोमं कर्तुं स्थंडिलादि कर्म करिष्ये।

उस उद्देश्य (संकल्प) के अंगभूत होम करने के लिए स्थंडिलादि कर्मो को करुँगा। इनका विवरण आगे है।

स्थंडिलनिर्माण विधान—इति संकल्प्य गोमयादि लिप्तेशुद्धदेशे शुद्धमृदा ऐशान्यारंभमुदक्संस्थं चतुरंगुलोन्न्तं अंगुलो न्नतं वा चतुर्दिक्षुमिलित्वा द्विसप्तत्यंगुल परिधिकं फलितमष्टादशांगुल विस्तृतं होमानुसारेण तदधिकं वा न तु ततो न्यूनं मध्योन्नतं स्थंडिलं कुर्यात्। गोमय से लेपित शुद्ध भूमि पर, पवित्र मिट्टी से लेपन करना चाहिये या रेत डालना चाहिये।

ईशान्य से प्रारम्भकर उत्तर में समाप्त हो ऐसे चार अंगुल ऊँचा या एक अंगुल ऊँचा चबूतरा पवित्र मिट्टी से या रेत से बनाना चाहिये। उस चबूतरे का संपूर्ण विस्तार ७२ अंगुल एवं एक-एक दिशा में १८ अंगुल होना चाहिये। इससे कम कभी नहीं करना चाहिये। बड़े यागों के अनुसार बड़ा सकते हैं। सामान्य होमों में स्थण्डिल का प्रयोग करते हैं। बड़े होमों में हवन कुण्ड बनाते हैं।

स्थरिडल के बीच वाला भाग ऊँचा रहना चाहिये।

ऊँचाई १ अंगुल या चार अंगुल, लम्बाई एवं चौढ़ाई

(बारा प्रमारा हस्त प्रमारा या १८ अंगुल)

लिख्यन्तेऽसुरनिर्हत्यै सिकताः सर्वकर्मसु। चतुरस्त्र चतुर्दिक्षु बाणमात्रं द्विरावृतम्॥
भूमौ भूपुर मुख्यस्य दिक्ष्वश्वथ्थ दलाकृतैः। नेच्छन्ति मध्यमावेष्टु मसुरा यज्ञहारिणः॥ *(अश्वलायन स्मृति)*

सभी कर्मो में असुरनिवारण के लिए चौक वाले चार दिशाओं में बाण के समान लम्बे (१८") स्थरिडल में रेत का प्रयोग करें। उसके बाहर सफेद रंगोली से दो चौक लिखें। चार दिशाओं में अश्वत्थ पत्र लिखें। एवं चार उपदिशाओं में अष्टदल पत्र का निर्माण रंगोली से करें। एवं रंग भरें। इसका चित्र अगले पत्रे में है। यज्ञ को अपहरण करने वाले असुर मराडल एवं स्थरिडल के अन्दर प्रवेश करने में समर्थ नहीं होते हैं। अन्यथा वे अन्दर आकर देवभाग का अपहरण करते हैं।

कुराड का विवरण अग्निमुख के अन्त में होगा।—

स्थरिडल शुद्धिः— तद् गोमयेन प्रदक्षिणामुपलिप्य दक्षिणे उदीच्यां द्वे, प्रतीच्यां चतुः, प्राच्यामर्धं इत्यंगुलानित्यक्त्वा दक्षिणोपक्रमां उदक्संस्थां प्रादेशमात्रां एकां लेखां तस्या दक्षिणोत्तरयोः प्रागायते पूर्वरेखया असंसृष्टे प्रादेशसंमिते द्वे लेखे लिखित्वा तयोर्मध्ये परस्परं असंसृष्टाः उदक्संस्थाः प्रागायताः प्रादेश संमिताः तिस्त्रः इति षड्लेखाः यज्ञीय शकलमूलेन दक्षिण हस्तेन उल्लिख्य लेखासु तच्छकलं उदगग्रं निधाय स्थंडिलं अद्भिः अभ्युक्ष्य शकलं भंक्त्वा आग्नेय्यां निरस्य पाणिं प्रक्षाल्य वाग्यतः भवेत्।

स्थरिडल को पहले गोमय से लेपना चाहिये। स्थरिडल (वेदी) में दक्षिण में आठ अंगुल, उत्तर में दो अंगुल, पश्चिम में चार अंगुल, पूर्व में आधा अंगुल छोड़कर दक्षिण से प्रारम्भकर उत्तर में समाप्त हो ऐसे १२ अंगुल चौक बनाना चाहिये। फिर बीच में दक्षिण से उत्तर एक रेखा खींचना चाहिये। १२ अंगुल

फिर दक्षिण से प्रारम्भ कर एक दक्षिण में एवं एक उत्तर में दो रेखायें पश्चिम से पूर्व की ओर खीचें १२ अंगुल की फिर दक्षिण से प्रारम्भकर दक्षिण में समाप्त होने वाले पश्चिम से पूर्व में समाप्त होने वाले तीन रेखायें। (१२ अंगुल) खीचें। (प्रादेश प्रमाण-लगभग १२ अंगुल) (ब) इसे यज्ञ में प्रयुक्त अश्वत्थादि समित् के अग्रभाग से इन लकीरों को खीचना चाहिये। दाहिने हाथ से लिखें। (रेत पर) खीचने वाले समित् को उसके ऊपर उत्तर उत्तराभिमुख रखें। फिर स्थण्डिल (stage) को जल से अभ्युक्षण करना चाहिये। (अभ्युक्षण मतलब मुष्टि में जल लेकर सिञ्चन करना चाहिये।) फिर उस समित् को (लकीर खीचें) तोडकर आग्नेय दिशा में फेंककर हाथ धो लेना चाहिये।

इन रेखाओं के देवता, उद्देश्य—तन्मध्ये सिकताकीर्णे लिख्यन्ते यज्ञसिद्धये। यज्ञीय शकलेनैव रेखाः षट् द्वादशांगुलाः ।। *(अश्वलायन स्मृति)*

रेंत से व्याप्त होम वेदी पर यज्ञ सिद्धि के लिए यज्ञ के लिए योग्य समित् से बारह अंगुल प्रमाण वाले ६ रेखायें खींचना चाहिये।

पूर्वा प्रजापते रूपा लिख्यते चोदगायता। दक्षिणाताररूपा स्यात् सावित्र्याश्चोत्तरा स्मृता ।।
मध्ये तिस्त्रः त्रिवेदानां रूपाः प्रागायता मताः। स्मर्तव्या इति तारेखा वैदिकं कर्म कर्तृभिः ।।
प्रजापतेः समुत्पन्ना स्ताराद्याः श्रुतयोखिलाः। तेषां तु कर्मनानात्वात् नानात्वमिह संस्मृतम् ।।
ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च उमालक्ष्मीसरस्वती। षड्रेखा देवताः प्रोक्ता अक्षतांस्तासु निक्षिपेत् ।। *(अश्वलायन स्मृति)*

सबसे पहले दक्षिण से उत्तर की ओर एक १२ अंगुल की रेखा खीचे। यह प्रजापति का रूप है (**अ**)। दक्षिण भाग में पश्चिम से पूर्व की ओर जाने वाले एक १२ अंगुल प्रमाण का रेखा खीचे। यह प्रणव स्वरूप है (**ब**)। उत्तर दिशा में पश्चिम से पूर्व की ओर जाने वाला एक १२ अङ्गुल प्रमाण का रेखा खीचें। यह सावित्री रूप है (**ब**)।

इन दोनों के बीच में तीन रेखायें पश्चिम से पूर्व की ओर खीचें। ये भी १२ अङ्गुल प्रमाण के हों। यह तीन वेदो के स्वरुप है। वैदिक कर्म करने वाले इन तीन रेखाओं को खीचते समय तीन वेदो का स्मरण करना चाहिये। प्रजापति ब्रह्मा से उत्पन्न प्रणवादि सभी श्रुतियाँ अनेक रूप में हैं। अतः ये रेखयें भी अलग-अलग रहना चाहिये। इनका मिलन नहीं होना चाहिये।

पहले खीचें दक्षिण से उत्तर की ओर की रेखा में ब्रह्मा जी को (**अ**) ॐ ब्रह्मणे नमः। **दूसरी बार** *खीचें दक्षिण में स्थित पश्चिम से पूर्व की ओर खीचें रेखा*

में विष्णु जी को (ब) ॐ विष्णवे नमः। **तीसरी बार** खींचे उत्तर में स्थित पश्चिम से पूर्व की ओर खींचे रेखा में रुद्र जी को (ब) ॐ रुद्राय नमः एवं बीच के तीन रेखाओं में दक्षिण से उत्तर की ओर क्रम से उमा, लक्ष्मी, सरस्वती जी का आवाहन कर पञ्चोपचार या षोडशोपचार से पूजन करना चाहिये।

ॐ उमायै नमः। ॐ लक्ष्म्यै नमः। ॐ सरस्वतत्यै नमः। ॐ ब्रह्मणे नमः। ब्रह्माणं आवाहयामि। ॐ विष्णवे नमः। विष्णुं आवाहयामि। ॐ रुद्राय नमः। रुद्रं आवाहयामि। ॐ उमायै नमः। उमां आवाहयामि। ॐ लक्ष्म्यै नमः। लक्ष्मीं आवाहयामि। ॐ सरस्वत्यै नमः। सरस्वतीं आवाहयामि। ॐ आवाहित देवताभ्यो नमः। ॐ लं पृथिव्यात्मने गन्धं कल्पयामि। ॐ हं आकाशात्मने पुष्पं कल्पयामि। ॐ यं वाय्वात्मने धूपं कल्पयामि। ॐ रं अगन्यात्मने दीपं कल्पयामि। ॐ वं अबात्मने नैवेद्यं कल्पयामि। ॐ पं परमात्मने पञ्चोपचारपूजां समर्पयामि। अनेन पूजनेन आवाहित देवताः प्रीयन्ताम्।

अग्नि प्रतिष्ठा विधान—यहाँ तक होम वेदी निर्माण विधि, होम वेदी पर देवताओं का आवाहन पूजन संपन्न हुआ। आगे अग्नि प्रतिष्ठा विधान वर्णित है। ततः तैजसेन असंभवे मृन्मयेन वा पात्रयुग्मेन संपुटीकृत्य सुवासिन्या श्रोत्रियागारात् स्वगृहाद्वा समृद्धं निर्धूमं अग्निं आहृतं स्थंडिलात् आग्नेय्यां निधाय। उसके बाद लोहपात्र में (संभव हो तो ताम्र पात्र में) यदि न हो तो मिट्टी के पात्र में श्रोतियों के घर से या अपने घर से लाकर, धुऐं रहित अंगारों को पात्र में रखकर दूसरे पात्र से ढक्कर लाना चाहिये। लाए हुए अग्निपात्र को स्थण्डिल होमवेदी के आग्नेय दिशा में रखना चाहिये। एह्यग्नेराहूगणोगोतमो ग्रस्त्रिष्टुप् अग्न्याह्वाने विनियोगः।

ॐ एह्यग्नइहहोता निषीदादब्धः सुपुर एताभवानः॥
अवंतांत्वारोदसीविश्वमिन्वेयजामहे सौमनसायं देवान्। *(ऋग्वेद १.७६.२)*

जुष्टोदमूना आत्रेयोवसुश्रुतोग्निस्त्रिष्टुप् अग्निनमस्कारे विनियोगः॥

ॐ जुष्टोदमूनाअतिथिर्दुरोण इमं नों यज्ञमुपयाहि विद्वान्।
विश्वांअग्ने अभियुजों विहत्यां शत्रूयतामाभराभोजनानि॥ *(ऋग्वेद ५.४.५)*

पहले मन्त्र से अग्नि देव को आह्वन करें। एवं दूसरे मंत्र से नमस्कार करें। **आच्छादनं दूरीकृत्य** फिर ऊपर ढके पात्र को निकालें।

समस्तव्याहृतीनां परमेष्ठीप्रजापतिः प्रजापतिर्बृहती। अग्निप्रतिष्ठापने विनियोगः।

ॐभूर्भुवः स्वः। इति आत्माभिमुख पाराम्यां षट्सुलेखासु अमुक नामानमग्निं प्रतिष्ठापयामि इति अग्निं प्रतिष्ठाप्य। ऊपर के मन्त्र कहकर अग्नियुक्त पात्र को अपने सामने हाथों में पकडकर एक बार पदक्षिणा कर जो ६ रेखायें है, उन पर कर्माङ्ग देवता नामक अग्नि को प्रतिष्ठापित कर रहा हूँ कहकर रखना चाहिये। रखते समय हाथ कर्तरी शकल में होना चाहिये। कैची जैसे अग्न्याहरणा पात्रयोः अक्षतैः सह उदकमासिच्य इन्धनंप्रोक्ष्य वेणु धमन्या प्रबोधयेत्। अग्नि लायें दोनों पात्रों में अक्षत डालकर जल सींचकर उसे बाहर कर देवें। फिर लकडियों को जल से प्रोक्षणा कर बॉस की या लोहे की धमनी फूकनी से फूंककर अग्नि को प्रज्वलित करें। अग्निनाग्निः काणवोमेधातिथिः अग्निर्गायत्री अग्नि समिन्धने विनियोगः।

ॐ अ॒ग्निना॒ग्निः समि॑ध्यते क॒विर्गृ॒हप॑ति॒र्युवा॑। ह॒व्य॒वाड्जु॒ह्वा॑स्यः।

इस मन्त्र से लकड़ी डालना चाहिये।

प्रक्षिपेत् तासु रेखासु वह्नि तारमनुस्मरन्। शुद्धं प्रदक्षिणानीत मनलं शुद्धपात्रगम्॥ १॥
प्राग्घोष्यद् देवताः स्मृत्वा होतातत्रात्मविश्रुतान्। तासामभिमुखत्वा स्वाभ्यात्मं निक्षिपेतच्छुचिं॥ २॥
आयुर्हरति होतुस्तु निक्षिप्तो ज्वलितोनलः। पुनर्नष्टश्च भूमिस्थो मुखेन च विबोधितः॥ ३॥
शुचित्व प्राप्तये प्रोक्ष्य काष्ठानग्नौ विनिक्षिपेत्। ज्वलयित्वानलं सम्यगन्वाधानं समाचरेत्॥ ४॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

ये सभी प्रमाण श्लोक है। इनमें प्रयोग के तात्विक विचार है। न कि प्रयोग। प्रणव का स्मरण करते हुए उन छः रेखाओं पर शुद्ध पात्र में स्थित अग्नि का प्रदक्षिणा क्रम से लाकर रखना चाहिये॥ १॥ फिर यज्ञ करने वाले कर्माङ्ग देवता नामक अग्नि का स्मरण कर अग्नि को अपने अभिमुख करके शुद्ध भाव से छोड़ना चाहिये। अग्नि को जब आगे करते हैं तब अग्नि का दाहिना भाग अपने बायें हाथ की ओर आता हैं इसके निवरण के लिए हाथ को (cross) कैंची जैसे करके दाहिने हाथ से दाहिना भाग एवं बायें हाथ से वामन भाग को पकड़ते हैं। २॥ प्रतिष्ठापित अग्नि अपने आप ही जले तो, या बुझ जाये तो, या मुँह से फूँक मारकर जलाये तो ऋत्विज का आयु हरण होता है। अतः फूँक मारकार लजाये तो ऋत्विज का आयु हरण होता है। अतः फूकनी से जलाना चाहिये

या हाथ को आगे कर हाथ पर से फूकनी से जलाना चाहिये या हाथ को आगे कर हाथ पर से फूँक सकते है। मुख की थूक अग्नि में नहीं पड़ना चाहिये ॥ ३ ॥
शुचित्व प्राप्ति के लिए काष्ठों को प्रोक्षण कर अग्नि में डालना चाहिये। स्वयं ही जलाना चाहिये। अग्नि के जलने के बाद अन्वाधान करना चाहिये ॥ ४ ॥
विज्ज्योतिषेति जानो वृषोग्निस्त्रिष्टुप् अग्नि ज्वलने विनियोगः।

ॐ विज्ज्योतिषा बृहता भांत्यग्निराविर्विश्वानि कृणुते महित्वा।
प्रादेवीर्मायाः संहते दुरेवाः शिशीते शृंगेरक्षसे विनिक्षे। (ऋग्वेद ५.२.९)

इन मन्त्र से अग्नि ज्वलन करना चाहिये।

अग्निमूर्तिध्यान—चत्वारिशृंगागोतमो वामदेवोग्निस्त्रिष्टुप्। अग्निमूर्ति ध्याने विनियोगः।

ॐ चत्वारि शृंगात्रयों अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्तहस्तांसो अस्य। त्रिधांबद्धो वृषभोरोरवीति महोदेवो मर्त्याँ आविवेश ॥
सप्तहस्तश्चतुः शृंगः सप्तजिह्वो द्विशीर्षकः। त्रिपात्प्रसन्नवदनः सुखासीनः शुचिस्मितः ॥
स्वाहांतुदक्षिणेपार्श्वे देवीं वामेस्वधां तथा। बिभ्रद्दक्षिण हस्तैस्तु शक्तिमन्नंस्त्रुचं स्त्रुवं ॥
तोमरंव्यजनंवामैर्घृतपात्रं च धारयन्। मेषारूढो जटाबद्धो गौरवर्णो महौजसः।
धूम्रध्वजो लोहिताक्षः सप्तार्चिः सर्वकामदः ॥ आत्माभिमुख मासीन एवं रूपो हुताशनः। (ब्रह्मकर्म समुच्चय-अग्निमुख प्रकरण)

इन मन्त्रों को पढकर ध्यान करें। अग्ने अच्छावदेत्यस्य मन्त्रस्य अग्निस्तापसोग्निरनुष्टुप् अग्नि स्वाभिमुखीकरणे विनियोगः।

ॐ अग्ने अच्छांवदेहनः प्रत्यङ्ङनः सुमना भव। प्रनोयच्छ विशस्पते धनदा असि नस्त्वम् ॥ (ऋग्वेद १०.१४१.१)
ॐ एष हि देवः प्रदिशो नु सर्वाः पूर्वो हि जातस्य उ गर्भे अंतः।
स विजायमानस्य जनिष्यमाणः प्रत्यङ्मुखांस्तिष्ठाति विश्वतोंमुखः ॥ (यजुर्वेद-आरण्यक-महानारायणोपनिषत्)

हे अग्रे शाण्डिल्यगोत्र मेषारूढ वैश्वानर प्राङ्मुखः सन् ममाभिमुखो वरदस्सुप्रसन्नो भव। इतना कहकर ध्यसान से सम्मुख करके अन्वाधान करें।

अन्वाधान—अन्वाधानाभिधं कर्म क्रियते सर्वकर्मसु। निमन्त्रणार्थं देवानां होतव्यानां च होतृभिः॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

सभी कर्मों में अन्वाधान कर्म करना चाहिये। ऋत्विज अपने यज्ञ में जिन-जिन देवताओं को आहुतियाँ देते हैं उन्हें पहले बुलाकर सूचित करना चाहिये। यह क्रिया अन्वाधान कहलाता है। आचम्य प्राणानायम्य देशकालौस्मृत्वा श्रीपरमेश्वर प्रीत्यर्थ एतत् कर्म करिष्ये। आचमन कर (यदि बीच में उठ के बार गये हो तो), प्राणायाम करके देशकालसंकीर्तन पूर्वक संकल्प लें। तत्र देवता परिग्रहार्थं अन्वाधानं करिष्ये। समित् द्वयं आदाय। (दो समितों को हाथ में लेकर) अस्मिन् अन्वाहितेग्नौ जातवेदसमग्निं इध्मेन प्रजापतिं प्रजापतिं चाघारदेवते आज्येन अग्नीषोमौचक्षुषी आज्येन। इन अग्नियों में जातवेदाग्नि को समित् से, आधार देवता प्रजापति एवं प्रजापति को घी से, चक्षुष् अग्नि सोम को घी से होम करना चाहिये। यह पूर्वाङ्ग है। सभी यज्ञों में इतना अन्वाधान होता है। आगे यज्ञों के अनुसार बदलता है।

जैसे सर्वाद्भुत शान्ति यज्ञ—अग्निं वायुं सूर्य प्रजापतिं च आज्यद्रव्येण प्रधान देवतां आदित्यं अधिदेवतामग्निं प्रत्यधिदेवतां रुद्रं अर्क समित् चर्वाज्य द्रव्यैः प्रधान देवतां सोमं अधिदेवतां अपः प्रत्यधिदेवतां गोरीं, पलाशसमित् चर्वाज्य द्रव्यैः, प्रधान देवतां अंगारकं अधिदेवतां भूमिं, प्रत्यधिदेवतां स्कन्दं खदिरसमित् चर्वाज्य द्रव्यैः, प्रधान देवतां बुधं, अधिदेवतां विष्णुं प्रत्यधिदेवतां पुरुषं अपामार्ग समित् चर्वाज्य द्रव्यैः, प्रधान देवतां बृहस्पितिं, अधिदेवतां इन्द्रं, प्रत्यधिदेवतां, ब्रह्माणं पिप्पल समित् चर्वाज्य द्रव्यैः, प्रधान देवतां शुक्रं, अधिदेवतां इन्द्राणीं प्रत्यधिदेवतां इन्द्रं, औदुम्बर समित् चर्वाज्यद्रव्यैः प्रधानदेवतां शनिं अधिदेवतां प्रजापतिं प्रत्यधिदेवतां यमं, शमीसमित् चर्वाज्यद्रव्यैः, प्रधान देवतां राहुं अधिदेवतां सर्पान् प्रत्यधिदेवतां मृत्युं, दूर्वा समित् चर्वाज्य द्रव्यैः, प्रधान देवतां केतुं, अधिदेवतां ब्रह्माणं प्रत्यधिदेवतां चित्रगुप्तं कुशसमित् चर्वाज्य द्रव्यैः प्रधान देवताः अष्टाविंशति संख्यया अधिदेवताः प्रत्यधिदेवताः दशांशसंख्यया विनायकं दुर्गां क्षेत्रपालं वायुं आकाशं अश्विनौ क्रतु साद्गुण्य देवताः प्रधान विंशांश संख्यया इन्द्रं अग्निं यमं निर्ऋतिं वरुणं वायुं कुबेरं ईशानं एताः क्रतुसंरक्षणदेवताः प्रागुक्त समित् चर्वाज्यद्रव्यैः प्रधान विंशांश संख्याया अग्निं वायुं सूर्यं प्रजापतिं च आज्यद्रव्येण, विष्णु सर्वाद्भुत शान्ति होमे प्रधान देवतां विष्णुं अष्टोत्तर शतसंख्यया चरु द्रव्येण,विष्णुं महाद्भुताधिपतिं ईश्वरं सर्वौत्पातशमनं अग्निं पृथिवीं महान्तं वायुमन्तरिक्षं महान्तं आदित्यं दिवं महान्तं प्रजापतिं चन्द्रमसं नक्षत्राणि दिशो महान्तं च एताः देवताः आज्य द्रव्येण एकैक संख्यया चरु शेषेणास्विष्टकृतमग्निं इध्मसन्नहनेन रुद्रं अयासमग्निं देवान् विष्णुं अग्निं, वायुं सूर्यं प्रजापतिं च एताः प्रायश्चित्त देवता आज्येन ज्ञाताज्ञात दोष निबर्हणार्थं त्रिवारमग्निं मरुतश्चाज्येन विश्वान् देवान् संस्रावेण एताः

अङ्गदेवताः प्रधानदेवताः सर्वाः सन्निहिताः सन्तु एवं सांगोपाङ्गेन कर्मणा सद्यो यक्ष्ये।

॥ सर्वाद्भुत शान्ति याग का अन्वाधान समाप्त ॥

शेष यज्ञों के लिए अन्वाधान अन्त में लिखा जायेगा। समस्तव्याहृतीनां परमेष्ठी प्रजापतिः प्रजापतिर्बृहती अन्वाधान समिद्धोमे विनियोगः। ॐभूर्भुवः स्वः स्वाहा। प्रजापतय इदं न मम। इतना कहकर हाथ में रखे दो समित् को अग्नि में डालना चाहिये।

अन्वाधान का अर्थ—

१. अग्नि, वायु, सूर्य, प्रजापतियों को एक-एक घी की आहुतियाँ देने चाहिये। मन्त्रों को आगे प्रयोग में लिखा जायेग।
२. प्रधान देवता आदित्य को, अधिदेवता अग्नि को, प्रत्यधि देवता रुद्र को अर्क समित्, चरु एवं घी से आहुतियाँ।
३. प्रधान देवता चन्द्र को अधिदेवता जल, प्रत्यधिदेवता गौरी को पलाश समित्, चरु एवं घी से आहुतियाँ।
४. प्रधान देवता अंगारक को, अधिदेवता भूमि को, प्रत्यधि देवता स्कन्द को खदिर समित् चरु एवं घी से आहुतियाँ।
५. प्रधान देवता बुध को, अधिदेवता विष्णु को, प्रत्यधि देवता पुरुष को अर्पामार्ग समित् चरु एवं घी से आहुतियाँ।
६. प्रधान देवता बृहस्पति को, अधिदेवता इन्द्र को प्रत्यधिदेवता ब्रह्मा को पिप्पल (अश्वत्थ) समित् चरु एवं घी से आहुतियाँ।
७. प्रधान देवता शुक्र को, अधिदेवता इन्द्राणी को, प्रत्यधिदेवता इन्द्र को औदुम्बर समित् चरु एवं घी से आहुतियाँ।
८. प्रधान देवता शनि को, अधिदेवता प्रजापति को, प्रत्यधिदेवता यम को शमी समित् चरु एवं घी से आहुतियाँ।
९. प्रधान देवता राहु को, अधिदेवता सर्पों को प्रत्यधि देतवा मृत्यु को दुर्वा समित् चरु एवं घी से आहुतियाँ,
१०. प्रधान देवता केतु को अधिदेवता ब्रह्मा को प्रत्यधि देवता चित्रगुप्त को कुश समित् चरु एवं घी से आहुतियाँ। प्रधान देवता को २८ आहुतियाँ, अधि देवता प्रत्यधिदेवताओं को उसके दशांश यानि ३-३ आहुतियाँ।
११. विनायक, दुर्गा, क्षेत्रपाल, वायु आकाश एवं अश्विनी देवताओं को जो कि यज्ञ को सद्गुण प्रधान करने वाले हैं उन्हें विंशांश

संख्या (प्रधान का १/२० भाग अर्थात् २-२) समित् चरु आज्य की आहुतियाँ।

१२. इन्द्र अग्नि यम निर्ऋति वरुण वायु कुबेर (सोम) ईशान इन अष्टदिक्पालक जो कि यज्ञ के संरक्षक है उन्हें विंशांश संख्या (यानि प्रधान देवता का १/२० भाग अर्थात् २-२) समित् चरु आज्य की आहुतियाँ।

१३. अग्नि वायु सूर्य एवं प्रजापति को एक-एक घी की आहुतियाँ।

१४. सर्वाद्भुत शान्ति याग में प्रधान देवता रुद्र को १०८ आहुतियाँ चरु द्रव्य से,

१५. विष्णुं महाद्भुताधिपतिं , ईश्वर, सर्वोत्पात शमन, इन्हें नाम मन्त्र से एक-एक घी की आहुतियाँ।

१६. अग्नि पृथिवी महान्त को, वायु अन्तरिक्ष एवं महान्त को आदित्य, द्यौ एवं महान्त को, प्रजापति, चन्द्रमस्, नक्षत्र दिशाऐं एवं महान्त को इन्हें आगे बताने वाले मन्त्रों से घी की १-१ आहुतियाँ।

१७. बचे हुए चरु से अल्प प्रमाण में-हमेशा देने वाले प्रमाण से कुछ अधिक ग्रास प्रमाण स्विष्टकृत् अग्नि को आहुति देवे।

१८. इध्म १५ समितों का एक समूह उसके बन्धन रस्सी को रुद्र को अहुति देवे। प्रायः इसे कुश से बाँधते है। ३६ कुश हो उन्हे चोटी जैसे गूँथना चाहिये वे १२ अंगुल प्रमाण हो।

इध्म—यज्ञे पञ्चदशेध्मानि तिथि रूपाणि होतृभिः। स्मर्तव्यानि प्रमाणेन चतुर्विंशाङ्गुलानि तु॥ *(आश्वलयन स्मृति)*

यज्ञ में १५ समिधों को जो कि २४ अङ्गुल लगभग १२ '' लम्बे हो उनका समूह इध्म कहलाता है। ये १५ तिथियों के प्रतीक हैं।

रज्जु—शक्तिर्वामकरे पुंसां वसतीन्दुस्वरूपिणी। शिवो वह्निमयश्चापि विप्राणां दक्षिणेकरे॥ १॥

शक्त्यैवतु दृढीकारः कृतानां कर्मणां भवेत्। सर्वेषामिति यत्तस्माद्रज्जुं तद्वत् समाचरेत्॥ २॥

दक्षोपरि करं वाम करं कृत्वा कृतैर्बुधः। रज्जुं करोति तावच्च तदालभ्यक्रियाञ्चरेत्॥ ३॥

उपरिस्थितमाविश्य शक्तिर्वसति शाश्वती। स्त्रियं वा पुरुषं वान्यं विजृंभत्यपि कर्मसु॥ ४॥

कलयामीति कालेन कालरूपानि संस्मरेत्। इध्मानि कर्म सिद्ध्यर्थं कालरूपमिदं जगत्॥ ५॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

मनुष्य के बायें हाथ में चन्द्रकलास्वरूपिणी शक्ति का आवास हैं, ब्राह्मणों के दाहिने हाथ में अग्निस्वरूप शिव वास करते हैं॥ १ ॥ किये गये कर्मों का दृढीकरण शक्ति से ही होता है। अतः उसी क्रम से रज्जु (रस्सी बनाना चाहिये) ॥ २ ॥ इध्म शिप रूप, रज्जु शक्ति रूप अतः रज्जु आवश्यक है। दाहिने हाथ पर बायें हाथ रखकर रस्सी बनाना चाहिये। इसी से कर्म प्रारम्भ करना चाहिये॥ ३ ॥ इध्म को बाँधने वाली रज्जु हमेशा ऊपर रहती है। हमेशा शक्ति की ही प्रधानता है। उसी से सभी कर्म प्रकाशित होते हैं॥ ४ ॥ यह जगत् कालरुप है एवं शक्ति कालरूपी है। उनका स्मरण करते हुए कर्म सिद्धि के लिए इध्म एवं रज्जु का निर्माण करना चहिये॥ ५ ॥ प्रदेशमात्रं षट्त्रिंशत् दर्भान् त्रिसन्धि। रज्जु में १२ अंगुल लम्बे ३६ कुश लेना चाहिये। ३+३+३ को चोटी बाँधे फिर ३+३+३ जोड़कर चोटी बाँधे फिर ३+३+३ जोड़कर चोटी बाँधे तब रज्जु बना।

बर्हिष्—आज्य पात्र (घी के पात्र रखने के लिए आसन)

बर्हिषो बन्धनं पूर्वं मुष्टिमात्रस्य हि स्मृतम्। सर्वौषधि स्वरूपस्य देवानां सुप्रियस्य च॥ १ ॥
बहूनां संग्रहार्थाय बर्हिषो बन्धनं भवेत्। भूमौ निहितया रज्वा बन्धनं चोदगग्रया॥ २ ॥
भूमौ सन्निहितान्येव बध्यन्ते दाढ्यसिद्धये। भूमि जातानि सर्वाणि वस्तूनीह विचक्षणैः॥ ३ ॥
अथ प्रांचंनयेदग्रं रज्वाग्रन्थिमयं तथा। बर्हिर्द्विवारमावृत्या जलंस्पृष्ट्वोदृतं भुवः॥ ४ ॥
तथा सकृत् समाहृत्य ग्रन्थिं कृत्वेध्ममेव च। निधाय दक्षिणेवह्नेश्शुचावपउपस्मृशेत्॥ ५ ॥
दुर्गाहत्वाच्च सूक्ष्मत्वात् इध्म ग्रन्थिर्भवेदिह। कालरूपी मनुष्याणा मेकत्वात् सकृदाकृतिः॥ ६ ॥
ओषधीनां बहुत्वे तु बन्धनं स्यात् द्विरावृतिः। त्रिग्रन्थिः पारवश्यत्वात् शुद्ध्यर्थं स्पर्शनंत्वपाम्॥ ७ ॥
द्विधा स्यात् बन्धनं तेषां पीडादोषापनुत्तये। अधः स्पृशेत् च रज्वग्रं अधोरेतोमयं नयेत्॥ ८ ॥
निर्वीर्यत्वं भवेत् तेषां समिधां छेदनादिह। बर्हिषां च तदावीर्यं संसजामीत्यधोनयेत्॥ ९ ॥
संग्रहः सर्ववस्तूनां दक्षिणे प्रविशिष्यते। तस्मात् संगृह्य निर्बध्य बह्नेः दक्षिणातः क्षिपेत्॥ १० ॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

एक मुष्टि मात्र कुश को बर्हिष् के लिए रखना चाहिये। बर्हिष् सर्वौषधि स्वरूप है, यह देवताओं को प्रिय है॥ १॥ अनेक कर्मो के आधारभूत होने के कारण बर्हिष को बाँधकर रखना चाहिये। भूमि पर उत्तराभिमुख रखे रज्जु से बर्हिष को बाँधना चाहिये॥ २॥ भूमि पर जो भी वस्तुऐ उपलब्ध हैं उन्हें उपयोग के लिए एवं दृढता प्राप्ति के लिए बाँधकर संग्रह करने की परम्परा है॥ ३॥ बाँधने के बाद बंधा हुआ बर्हिष् का गाँठ वाला भाग पूर्वाभिमुख होना चाहिये। उसे हाथ में लेकर दोबारा घूमाकर बाँधना चाहिये। बाँधने के बाद हाथ धो ले। इस इसे बगल में रखें (दक्षिण में)॥ ४॥ उसी प्रकार इध्म को भी एक बार रज्जु से बाँधकर उसे अग्नि के दक्षिण में शुद्ध भूमि पर रखें। पुनः हाथ धो लें॥ ५॥ इसे पकडने में कठिन होने के कारण एवं इस की सूक्ष्मता के कारण इध्म को बाँधना आवश्क है। इध्म शिवरुप (कालरूप) होने के कारण एक बार ही इसे बाँधना चाहिये॥ ६॥ इध्म एवं औषध अधिक होने पर दो बार घूमाकर तीन गाँठ लगाकर बाँधकर रखना चाहिये। इसे भी बाँधने के बाद हाथ धे लेना चाहिये॥ ७॥ इध्यम एवं औषधियों को पीडा (नष्ट) न हो इसलिए दो प्रकार का बन्धन बताये हैं। रज्जु रेतस्वरूप होने के कारण भूमि पर उसका स्पर्श होना चाहिये॥ ८॥ काटने से समित् निर्विर्य थे, बर्हिषः भी निर्वीर्य थे, रज्जुबन्धन से उनमें वीर्यसञ्चार (शक्ति सञ्चार) होता है। इसलिए रज्जु का भूस्पर्श आवश्यक है॥ ९॥ सभी वस्तुओं का संग्रह दक्षिण दिशा में करना चाहिये। इसलिये सभी वस्तुओं को ठीक तरह से बाँधकर दक्षिण दिशा में रखना चाहिये॥ १०॥ यहाँ तक प्रमाण श्लोक है।

१९. अयसमग्नि को मन्त्रों से एक आहुति घी से प्रायश्चित्त देवता।

२०. देवान्, विष्णु, अग्नि, वायु, सूर्य, प्रजापति इन प्रायश्चित देवताओं को घी से १-१ आहुति देवें।

२१. जानते हुए या अनजाने में हुए दोष परिहार के लिए अग्नि को तीन आहुतियाँ, मरुत् को एक आहुति मन्त्रों से घी से आहुति देवें। शेष घी से विश्वेदेवताओं को एक आहुति देवें।

इस प्रकार अङ्गदेवता एवं प्रधान देवताऐं सभी पास में ही रहें। इस प्रकार अङ्ग उपाङ्ग सहित कर्म से याग करुँगा ''मन में प्रतिज्ञा करना चाहिये। यह अन्वाधान देवताओं को यज्ञ से पहले निमन्त्रण देने जैसी प्रक्रिया है। ताकि अपने यज्ञ भागों को लेने के लिए वे उपस्थित रहें। इतना कहकर अन्वाधान समित् जो कि हाथ में रहता है, अग्नि में डाल दें। **यहाँ पर सर्वाद्भुत शान्ति याग का अन्वाधान समाप्त आगे इसका प्रयोग है।**

परिसमूहन एवं पर्युक्षण विधान—

करेण तोयमादाय प्रागराभ्य प्रदक्षिणम्। परितो मार्जनं यत् तत् आहुः परिसमूहनम्॥ १॥
होता पूर्वादिदिक्ष्वग्नेः आशाः आलभते त्रिशः। चतुःकृत्व स्पृशेत् चापः कुर्वन् परिसमूहनम्॥ २॥
आशादेव्यः स्थिता वह्नेर्बहिर्यज्ञस्य पालने। इति स्मृत्वा सुरेभ्यस्तु संमानार्थं त्रिशः स्पृशेत्॥ ३॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

हाथ में जल लेकर पूर्वदिशा से प्रारम्भ करके प्रदक्षिणाकार में चारों ओर मार्जन करने की क्रिया परिसमूहन कहलाता है॥ १॥ हवनकर्ता अग्नि से पूर्वादि दिशाओं में तीन बार जल युक्त हाथ से स्पर्श करना चाहिये, चार बार हाथ धो लेना चाहिये। यह परिसमूहन है॥ २॥ दिग्देवताऐं अग्नि के बाहर यज्ञ की रक्षा के लिए खड़े हैं समझकर उन देवताओं को गौरव देने के लिए तीन बार जलयुक्त हाथ से चारों ओर स्पर्श करना चाहिये॥ ३॥

परिसमुह्य परिस्तृणीयात्। तच्चेत्थम्।—उपरोक्त क्रम से परिसमूहन पर परिस्तरण डालना चाहिये। वह इस प्रकार है। अग्न्यायतनाद् अष्टांगुल परिमिते देशे ऐशानीं दिशं आरभ्य प्रदक्षिणं संमतात् सोदकेन पाणिना त्रिः परिमृज्य दशांगुलमिते देशे प्राच्यादिषु पूर्वं उपरिनिहितदर्भैः परिस्तृणीयात्।

स्थण्डिले होम वेदी के आठ अंगुल बाहर ईशान्य दिशा से प्रारम्भकर प्रदक्षिणा क्रम से चारों ओर जलयुक्त हाथ से तीन बार परिमार्जन करें। स्थण्डिले होमवेदी के दस अंगुली बाहर पूर्व से प्रारम्भकर सभी दिशाओं में कुशों को बिछाना चाहिये।

तत्र प्राच्यां प्रतीच्यां च उदगग्रादर्भाः अवाच्यामुदीच्यां च प्रागग्राः पूर्वपश्चिमपरिस्तरणमूलयोरुपरि दक्षिणपरिस्तरणं उत्तरपरिस्तरणंतु तदग्रयोरधस्तात्। पूर्व एवं पश्चिम दिशा में कुशाग्र (कुश का आगे का भाग) उत्तराभिमुख हो, दक्षिण एवं उत्तर दिशा में कुशाग्र पूर्वाभिमुख होना चाहिये। पूर्व एवं पश्चिम दिशा की कुशों के (परिस्तरण) ऊपर दक्षिण का परिस्तरण, एवं पूर्व पश्चिम कुशों के परिस्तरण के नीचे उत्तर का परिस्तरण होना चाहिये। परिस्तरण कुशों के लिए कोई निश्चित संख्या नहीं हैं। अधिक उपलब्ध होने पर अधिक विछावे। कम होने पर चार-चार बिछायें। उतना ही न हो तो तीन-तीन बिछायें।

परिस्तृणात्यासनार्थं आशेशानां त्रिभिस्त्रिभिः। कुशैः प्रागादिदिक्ष्वत्र कृत्वा परिसमूहनम्॥ १॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

आशापालांस्तु शक्रादीनासनेषु समावहेत्। दिक्पालकों के आसन के लिए यह परिस्तरण बिछायें जाते हैं। एक-एक दिशा में तीन कुश डालना चाहिये। उन

पर इन्द्रादि दिक्पालकों का आवाहन करना चाहिये।

ततो अग्नेर्दक्षिणतो ब्रह्मासनार्थं उत्तरतश्च पात्रासादनार्थं कांश्चित्प्रागग्रान् दर्भानास्तृणीयात्। *(आश्वलायन स्मृति)*

इसके पश्चात् अग्नि के दक्षिण दिशा में ब्रह्मा के आसन के लिए एवं उत्तर में यज्ञपात्रों को रखने के लिए कुछ कुशाग्रों को पूर्वाभिमुख बिछाना चाहिये। अग्नेरैशानतस्त्रिरंभसापरिषिच्य उत्तरास्तीर्णेषु दर्भेषु दक्षिणसव्यपाणिभ्यां क्रमेण चरु स्थाली प्रोक्षण्यौ, दर्वी स्रुवौ, प्रणीताज्यपात्रे, इध्माबर्हिषी इति द्वे द्वे पात्रे उदगपवर्ग प्राक्संस्थंयुब्जान्या सादयेत्। अग्नि के चारों ओर फिर से तीन बार ईशान्य से प्रदक्षिणाकार में परिषेचन करें।

परिषेचन का प्रमाण श्लोक—नदीनां पुलिनत्वस्य संसिध्यै यज्ञकर्मणाम्। त्रिशः पर्युक्षणं होता करोत्यद्भिः प्रदक्षिणम्॥

जेसे नदियों को रोकने के लिए तट होता है, उसी प्रकार परिस्तरण भी तट है, जिससे यज्ञ कर्मो की सिद्धि होती है। उन परिस्तरण कुशों के ऊपर तीन बार परिषेचन करें। ईशान्य से ईशान्य प्रदक्षिणाकर में एक बार, पुनः दिशातिक्रमण न करते हुए फिर से दुबारा जल लेकर ईशान्य से ईशान्य तक, तीसरी बार भी ऐसा ही करें।

उत्तर में बिछे कुशाग्रों के ऊपर दाहिने एवं बायें हाथ से कर्तरि हाथ से (cross hand)

१. चरुथ्थाली एवं प्रोक्षणी पात्र २. दर्वी एवं स्रुवा ३. प्रणीता एवं आज्यपात्र ४. इध्म एवं बर्हिष् इन्हें एक-एक बार उठाकर रखना चाहिये।

A B C D E F G H

यदि केवल घी का होम हो ता—१. प्रोक्षणी स्रुव, २. प्रणीता एवं आज्यपात्र, ३. इध्म एवं बर्हिष् को एक-एक बार उठाकर रखना याहिये। इन पात्रों को उत्तर दिशा में, पहले दो पात्र पश्चिम में, अगला उससे आगे पूर्व में इसी क्रम से रखना चाहिये। सभी पात्र उत्तर में ही रखें

H G
F E
D C

B A

कृते पर्युक्षणे तीर्थदेशे पात्राणि सादयेत्। पात्राणां दोषनिर्हृत्यै सादनं यज्ञकर्मसु॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

पर्युक्षण के पश्चात् यज्ञ पात्रों के दोष परिहार के लिए तीर्थ देश में उत्तर दिशा में सोम ईशानयोर्मध्ये पात्रों को रखना चाहिये। पहले सभी को उलटा करके रखें।

स्थालींचरोः प्रोक्षणभाजनं च दर्वीस्रुवौ सादयदर्विहोमे।
पात्रं प्रणीतार्थ मथाज्यपात्रं इध्मः क्रमेण क्रमवित् कुशैश्च॥

चरु होम में—चरुस्थाली, प्रोक्षणी पात्र, दर्वी स्रुव, प्रणीता आज्यपात्र इध्म एवं बर्हिष् को रखना चाहिये।

केवल घी के होम में—प्रोक्षणी स्रुवमासाद्य चमसं चाज्यभाजनम्। इध्मा बर्हिरयं प्रोक्तं आज्यहोमेष्वनुक्रमात्॥ *(स्मृति संग्रह)*

घी के होम में प्रोक्षणी सुवाप्रणीता (चमस) आज्य पात्र, इध्म एवं बर्हिष् को रखना चाहिये।

विवरण (पात्रों का)—चरु स्थाली-चावल (होम के लिए) बनाने वाला पात्र, **प्रोक्षण पात्र**-जल सेंचने का पात्र, **दर्वी पात्र**-चरु होम करने वाला कर्ची, **स्रुव**-घी होम करने वाला कर्ची (छोटा), **प्रणीता पात्र**-जल पात्र अन्त तक इसमें जल रहना चाहिये। इसका अन्त में प्रोक्षण में उपयोग होता है।, **आज्य पात्र**-घी रखने वाला बर्तन, **इध्म**-समित् का एक बण्डल, **बर्हिष्**-एक मुष्टि कुशका बण्डल

पात्रों के अभिमानी देवताएँ—आदित्यं स्यात् चरोः पात्रं वायव्या प्रोक्षणी मता। पार्थिवं तु जुहूपात्रं स्रुवमाग्नेयमुच्यते॥ १॥
वारुणं पूर्णपात्रं स्यात् पावमानं घृतस्य च। आग्नेयानीह चेक्ष्मानि सौम्या बर्हिष ईरिताः॥ २॥
अधोभागं समाश्रित्य स्थितानां सुरवैरिणाम्। कुर्यान् रिसनार्थाय न्यषमुखानि क्रमाद् भुवि॥ ३॥
त्रिभिरद्भिरधोभागं पात्राणां प्राक्ष्यहोमकृत्। कृत्वोन्मुखानि च तथा करोति निरसन्बलात्॥ ४॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

चरु पात्र के अभिमानी देवता आदित्य है, प्रोक्षणी पात्र के वायु, दर्वी को भूमि, स्रुवपात्र को अग्नि, प्रणीता पात्र को वरुण, आज्य पात्र को पवमान, इध्म को

अग्नि एवं बर्हिष् को सोम अभिमानी देवताऐं हैं ॥ १-२ ॥ पात्रों के नीचे वास करने वाले दैत्यों का निवारण के लिए पहले पात्रों को उलटा करके रखना चाहिये। फिर पात्रों के अधोभाग को तीन बार प्रोक्षण करना चाहिये ताकि वे वहाँ से चले जायें तब सीधा करके सभी पात्रों को रखना चाहिये ॥ ३-४ ॥

यहाँ तक पात्र शोधन प्रक्रिया संपन्न हुआ

ततः प्रोक्षणीपात्रमुत्तानं कृत्वा तत्र अनन्तर्शर्भित साग्र समस्थूल प्रादेश मात्र कुशद्वयरूपे पवित्रे निधाय शुद्धाभिरद्भिः तत् पात्रं पूरयित्वा गंधपुष्पादि निक्षिप्य हस्तयोः अङ्गुष्ठोपकनिष्ठिकाभ्यां उत्तानाभ्यां पाणिभ्यां उदगग्रे पृथक् पवित्रे धृत्वा अपस्त्रिरुत्पूय सर्वाणि पात्राणि प्रोक्ष्य पात्राण्युत्तानानिकृत्वा इध्मं विसृस्य सर्वाणि पात्राणि त्रिः प्रोक्षेत्।

इसके पश्चात् प्रोक्षणीपात्र को सीधा करें। उसमें १२ अङ्गुल प्रमाणवाले दो अग्रयुक्त (नोक) कुशों को जो कि समान आकार वाले हो उसका पवित्र उस पर रखें (अर्थात् दो कुश रखें)। शुद्ध जल से उस पात्र को भरना चाहिये। गन्ध पुष्प उसमें डालें। आकाश की ओर हथेली युक्त दोनों हाथों के अंङ्गुष्ठ एवं अनामिका अङ्गुलियों में कुशों को अलग-अलग रखकर प्रोक्षणीपात्र के जल को हिलाना चाहिये (शुद्धीकरण के लिए) ऐसे करते समय कुश का अग्र उत्तराभिमुख हो तीन बार इसे हिलाना चाहिये। इस जल से सभी पात्रों का एक बार प्रोक्षण करना चाहिये। फिर उन्हें सीधा करके रखें फिर सभी पात्रों को तीन बार प्रोक्षण करें।

प्रमाण श्लोक—पाक् प्रोक्षिण्यां जलं स्राव्यं स्वाभ्यात्मं शुचिनाऽहृतम्। अन्तर्धाय पवित्रे द्वे प्रागग्रे तच्च शोधयेत् ॥ १ ॥
द्वादशांगुलविस्तारे पवित्रे जल शुद्धये। भवेतां प्रोक्षणीपात्रे पात्रवत् संस्कृते पुरा ॥ २ ॥
वारुणास्याभिमुख्यत्व सिद्धयेऽध्यात्ममिष्यते। जलस्य स्त्रवणे त्वापो वरुणाभिमुखे स्थिताः ॥ ३ ॥
स पवित्रेण हस्तेण गृह्येत प्रोक्षणीजलं। अधोनीत्वा त्रिशस्तस्याः प्रोक्षयेत् जल शुद्धये ॥ ४ ॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

पहले प्रोक्षणीपात्र में शुद्ध जल को अपने अभिमुख डालना चाहिये। दो कुशों को पूर्वाभिमुख रखकर उस पर से जल छोडें। वे दो कुश १२ अंगुल प्रमाण के होना चाहिये। अपने संमुख करके जल को डालना चाहिये। जल पात्र का मुख डालते हुए अपने ओर होना चाहिये ताकि वरुण देव अपने सामने हो। वरुण देव हमेशा पश्चिमाभिमुख रहते हैं। १-२-३ ॥ पवित्र को हाथ में लेकर बायें हाथ में प्रोक्षणी पात्र को लेकर तीन बार नीचे से ऊपर हाथ घुमाने

से जल शुद्ध होता है। (प्रदक्षिणाकार-जल हाथ में लेवे) उसी पात्र के जल को लेकर घुमाकर फिर उसी में तीन बार छोडना चाहिये॥ १॥

तज्जलैः साधु संप्रोक्ष्यपात्राण्युक्तेन वर्त्मना। अन्तर्धाय पवित्रे द्वे पूर्णपात्रं प्रपूरयेत्॥ १॥
अमृन्मयं भवेद्यज्ञे पूर्णपात्रमिमि स्थितिः। अपार्थिवमकांस्यं चाप्यसीसं चाप्यनायसन्॥ २॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

उस प्रोक्षणी पात्र के जल से सभी पात्रों का प्रोक्षण करना चाहिये। उन पवित्रों को पूर्ण पात्र में रखकर जल से भरना चाहिये॥ १॥

पूर्णपात्र—यह पात्र मिट्टी का, कांस्य का एवं लोहे का नहीं होना चाहिये, अर्थात् ताम्र, लकड़ी, चाँदी या सोने का हो सकता है। **पूर्ण पात्र-प्रणीता पात्र कहलाता है।** प्रोक्षणीपात्र से प्रोक्षण करने के बाद, पूर्ण पात्र में कुशों को पवित्र को रखकर उसमें भी जल भरना चाहिये।

ब्रह्मा का वरण (अग्निमुखाङ्ग)—ततो यथोक्त लक्षणां ईशानदिग् अवस्थितं ब्राह्मणं अस्मिन् (सर्वाद्भुत शान्ति याग) कर्मणि ब्रह्माणं त्वामहं वृणे इति तत् पाणिं पाणिना गृहीत्वा वृणुयात्। उसके पश्चात् श्रेष्ठ लक्षणों से युक्त ईशान दिशा में उपविष्ट ब्राह्मण को इस याग कर्म में आपको मैं ब्रह्मा के रूप में वरण करता हूँ। कहकर हाथ पकडकर वरण करें।

ततः ब्रह्मा वृतोस्मि। कर्म करिष्यामि इति उक्त्वा प्राङ्मुखो तीर्थदेशे यज्ञोपवीत्यचाम्य समस्य पाण्यङ्गुष्ठो भूत्वा अग्रेणाग्निं दक्षिणपादपुरः सरं परीत्य दक्षिणतः उदङ्मुखः स्थित्वा आसनार्थ दर्भेषु दक्षिणभागस्थं एकं दर्भं अङ्गुष्ठानामिकाभ्यां गृहीत्वा "**निरस्तः परावसुः**" "इति नैर्ऋत्यान् निरस्य, अपः स्पृष्ट्वा **इदमहम् अर्वावसोः सदने सीदामि**" इति उदङ्मुख एवं वामोरोरुपरि दक्षिणपादं संस्थाप्य उपविश्य यजमानेन गन्धाक्षतादिभिः अर्चितः सन् "ब्रह्मन् ब्रह्मासि नमस्ते ब्रह्मन् ब्रह्मणे नमः। ब्रह्माणमावाहयामि" यजमानेन आचार्येण वा आवाहितः।

इसके पश्चात् ब्रह्मा मुझे यह स्वीकार है। कहकर पूर्वाभिमुख बैठकर (उत्तर एवं ईशान्य के बीच में) ब्रह्मवस्त्र (उत्तरीय) डालकर, हाथ जोडकर (संकल्प लेते समय जैसे हाथ बंद करते हैं वैसे) अग्नि के आगे प्रदक्षिणाकार में दाहिने पाँव को आगे कर चलकर दक्षिण में उत्तराभिमुख खड़े होकर, अपने आसन के कुशों में दक्षिण की एक कुश को अङ्गुष्ठ एवं अनामिका अङ्गुलियों से खींचकर निरस्तः परावसुः" कहकर नैऋत्य दिशा में फेंकना चाहिये। फिर हाथ धोलें। "इदमहम् अर्वावसोः सदने सीदामि" मन्त्र कहकर उत्तराभिमुख ही बायें जाँघ पर दाहिने पैर को रखकर बैठना चाहिये। फिर यजमान "ब्रह्मन् मन्त्र कहकर गन्ध अक्षतों से ब्रह्मा का पूजन करें।

ॐ बृहस्पतिर्ब्रह्मा ब्रह्म सदन आशिष्यते बृहस्पते यज्ञं गोपाय सयज्ञंपाहि सयज्ञपतिं पाहि समांपाहीति जपित्वा सदा यज्ञ मना एव वर्तेत। इसे कहकर ब्रह्म निरन्तर यज्ञ में ही मन लगायें। यहाँ पर ब्रह्मा का वरणादि कार्य संपन्न हुआ।

प्रमाण श्लोक—प्रपूर्य पूर्णपात्रं च ब्रह्माणमुपवेशयेत्। दक्षिणेग्रेः शुभे पीठे सदृशे धर्मवित्तमम्॥ १॥
श्रेष्ठा दिक् दक्षिणा प्रोक्ता श्रेष्ठा श्रेष्ठो ब्रह्मा प्रजापतिः॥ २॥
श्रेष्ठायां दक्षिणाशायां प्राकपूर्वोपरयोरपि। परिस्तरणायोरूर्ध्वं वृणीत्वैव तु दक्षिणा॥ ३॥
सर्वेषां पश्चिमत्वात्तु उदीच्यायास्तु पश्चिमम्। परिस्तृणात्यधस्ताच्च परिस्तरणामुत्तरम्॥ ४॥
सर्वकर्म विशेषज्ञो ब्रह्मत्वे ब्राह्मणो भवेत्। न्यूनातिरिक्तभावस्य साक्षित्वे चापि कर्मणः॥ ५॥
अकर्मतन्त्रविन्मूढो ब्रह्मत्वे स्याद्यदिद्विजः क्षयिष्यति हि तत् कर्म वैदिकं नात्र संशयः॥ ६॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

ब्रह्मत्वे ब्राह्मणस्तस्मात् होतुरभ्यधिको भवेत्। कर्म कारण वित् शुद्धः शान्तः कर्मसु लोलुपः॥ १॥ उपरोक्त श्लोकों में ब्रह्मा के स्थान पर बैठने वाले ब्राह्मण की श्रेष्ठता, योग्यता एवं दक्षिण दिशा की प्रधानता का वर्णन है। ततो यजमानः प्रणीतापात्रमग्रेः प्रत्यङ्निधाय तत्र प्रागग्रे पवित्रे निधायोत्पूताभिरद्भिस्तत्पात्रं पूरयित्वा गन्धपुष्पाक्षतान्निक्षिप्य सरस्वतीमावाह्य ॐ ब्रह्मन्नपः प्रणेष्यामीति पृच्छेत्।

इसके बाद यजमान (आचार्य) प्रणीतापात्रको अग्नि के पश्चिम में रखें, उसके ऊपर पवित्र को रखें, उस में शुद्ध जल को भरें। उसे गन्धपुष्प अक्षताओं से पूजन कर सरस्वती का अवाहन करें एवं "ॐ ब्रह्मन्नपः प्रणेष्यामि" कहकर जल लेने की अनुमति मांगना चाहिये।

ततो ब्रह्मा उपांशुभूर्भुवः स्वः बृहस्पति प्रसूतः। उच्चैः ॐ प्रणय ईत्यनुजानीयात्। कर्ता पूर्णपात्रं मुखसममुद्धृत्य अग्नेरुत्तरतो दर्भेषु निधाय ते पवित्रे गृहीत्वा अन्यैः दर्भैः आच्छादयेत्।

तब ब्रह्मा जी कहते हैं—ॐ भूर्भुवस्वः बृहस्पति प्रसूतः" इसे उपांशु स्वर में धीरे से कहकर ॐ प्रणय इसे जोर से अनुमति प्रदान करना चाहिये। तब आचार्य प्रणीतापात्र को नाक के बराबर ऊँचाई तक लाकर उसे उत्तर में कुशों पर रखें। प्रणीता पात्र के ऊपर रखें कुश लेकर उसके स्थान पर दूसरे कुशों को रखना चाहिये।

प्रमाण श्लोक—**ब्रह्माणमुपवेश्यैवं करंगृह्य निमन्त्र्यतु। आदरार्थं प्रणीतां तु तीर्थदेशे निधापयेत्॥ १॥**
वामपाणौ तु तत् कृत्वा दक्षिणेन पिधायतु। नासिकामात्रमुद्धृत्य कुशोपरि निधापयेत्॥ २॥
सौम्यं पात्रं तु तत् स्मृत्वा जलमाग्नेयमुत्तमम्। सौम्याग्नेयस्वरूपाभ्यां पाणिभ्यां तत्समुद्धरेत्॥ ३॥
प्राणस्थानं भवेद् घ्राणं प्राग् तत् प्राणं विना कृतम्। प्राणस्य सन्निधानार्थ मुद्धरत्येव तत्समम्॥ ४॥
प्रदायालोकयित्वा तु गतप्राणैर्विनाकृतम्। ततस्तत्पात्र मुद्धृत्य तदुक्तविधिनार्पयेत्॥ ५॥
गन्धपुष्पाक्षतैः सम्यगावहेच्चसरस्वतीम्। तीर्थदेशस्य सिद्धयै च ब्रह्मणश्चापि तृप्तये॥ ६॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

ब्रह्मा का हाथ पकड़कर वरण देकर उन्हें बैठाऐं प्रणीतापात्र को आदरपूर्वक उत्तर दिशा में रखना चाहियें॥ १॥ बायें हाथ में प्रणीतापात्र को पकडें। दाहिने हाथ से ढकें। एवं नाम के बराबर रखकर फिर उसे नीचे कुशाओं पर रखना चाहिये॥ २॥ प्रणीता पात्र सोम देवात्मक एवं उसमें विद्यमान जल अग्नि देवता, बायें हाथ सोम देवात्मक एवं दाहिने हाथ अग्निदेवतात्मक अतः सोम एवं अग्नि देवात्मक हाथों से उसे उठाना चाहिये॥ ३॥ उसे नाम तक उठाना चाहिये क्योंकि नाक प्राणस्थान है। उस जल में प्राण नहीं है। अतः जल में प्राण का सञ्चार हो इसलिए नाम के बराबर रखना चाहिये॥ ४॥ उसे नाक के बराबर लाकर पात्र को दोखना चाहिये। नाक के बराबर न ले जाने पर उस जल में प्राण नहीं रहता। अतः निरर्थक हो जाता है॥ ५॥ तीर्थ देश उत्तर दिशा की सिद्धि के लिए एवं ब्रह्मा जी की तृप्ति के लिए गन्ध पुष्प एवं अक्षताओं से सरस्वती को आवाहन करना चाहिये॥ ६॥

ते पवित्रे चरुपात्रे निधाय यज्ञस्य प्रधान देवता मन्त्रेण प्रोक्ष्य अग्नौ अधिश्रितय उत्तरे निधाय तत् पवित्रं गृहीत्वा।

प्रणीता पात्र से निकाले हुए पवित्र को चरुपात्र के ऊपर रखकर **यज्ञ के प्रधान देवता मन्त्र से पोक्षण कर अग्नि के ऊपर दिखाकर** उत्तर में रखना चाहिये। फिर उस पवित्र को लेकर,

ततस्ते पवित्रे आज्यपात्रे निधाय तत् पात्रं स्वपुरतः संस्थाप्य तस्मिन् आज्यमासिच्य अग्नेरुत्तरतः स्थितांगारान् भस्मना सह अग्ने रुदक् परिस्तरणात् बहिः निरुह्य तेषु आज्यपात्रम् अधिश्रित्य ज्वलता दर्भोल्मुकेन अवज्वल्य

अङ्गुष्ठ पर्व मात्रं प्रक्षालितं दर्भाग्र द्वयं आज्ये प्रक्षिप्य पुनः ज्वलता तेनैव दर्भोल्मुकेन चरुणा सह आज्यंत्रिः पर्यग्निकृत्वा तदुल्मुकमपास्य अपः स्पृष्ट्वा तत्रस्थ मेवाज्यं। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

चरु पात्र से निकाले हुए पवित्र को आज्यपात्र पर रखें। उस पात्र को अपने सामने रखें। उस में घी डालें। अग्नि के उत्तरपरिस्तरण के बाहर रखें। उस पर घी का पात्र रखें एक कुश को जलते हुए उस पर रखें। एक अंगुल प्रमाण धुले हुए दो कुशाग्रों को घी के पात्र में डालें। जलते हुए कुश से चरु पात्र एवं आज्यपात्र को तीन बार प्रदक्षिणा करायें फिर उसे वायव्य दिशा में डाल दें। हाथ धो लें। घी के पात्र को खीचते हुए उसे और भी उत्तर में ले जाना चाहिये। अंगारों को वापस होम वेदी में डालें। हाथ धो लें। उस घी को मन्त्रों से उत्पवन करना चाहिये।

उत्पवनं नाम शुद्धीकरणाम्। शुद्धीकरण क्रिया को उत्पवन कहते हैं। सवितुष्ट्वाहिरण्यस्तूपः सवितापुर उष्णिाक्। आज्यस्योत्पवने विनियोगः।

ॐ सवितुष्ट्वाप्रसवउत्पुनाच्छिद्रेण पवित्रेण वसोः सूर्यस्य रश्मिभिः॥ *(यजुर्वेद)*

इति मन्त्रेण एकश्रुत्या उच्चारितेन एकवारं द्विस्तूष्णीं उत्तानपाणिद्वय अङ्गुष्ठ उपकनिष्ठिकाभ्यां उंतयोरससृष्ट गृहीताभ्यां उत्तानपाणिद्वय अङ्गुष्ठ उपकनिष्ठिकाभ्यां अंतयोरससृष्ट गृहीताभ्यां उदगग्राभ्यां पवित्राभ्यां प्रागुत्पूय ते पवित्रे अद्भिः प्रोक्ष्य अग्नौ प्रहरेत्। *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

इस एक स्वरी मन्त्र को कहते हुए एक बार हथेलियों को उपर किये दोनों हाथों के अंगुष्ठ एवं अनामिका अंगुलियों में पवित्र के दो कुशों को अलग-अलग (परस्पर न मिलें) ऐसे पकड़ना चाहिये। उनका अग्रभाग उत्तर की ओर होना चाहिये। पहले उन्हें पश्चिम से पूर्व की ओर घी में जाकर ऊपर उठायें। फिर दो बाद इसी क्रिया को बिना मन्त्र कहते हुए दोहरायें। फिर उन पवित्र कुशों को जल में प्रोक्षण कर अग्नि में डालना चाहिये।

प्रोक्षण-उत्तानेन तु हस्तेन कर्तव्यं प्रोक्षणं भवेत्। *(आश्वलायन स्मृति)*

हथेली में जल लेकर उसे सींचना प्रोक्षण कहलाता है।

अवोक्षणं-अवाचीनेन हस्तेन कर्तव्यं स्यादवोक्षणम्॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

जल लेकर हथेली को नीचे करके जल सींचना अवोक्षण कहलता है।

अभ्युक्षण-मुष्टीकृतेन हस्तेन कृतमभ्युक्षणं भवेत्। *(आश्वलायन स्मृति)*

मुट्ठी में जल भरकर हथेली को नीचे करके जल सीचना अभ्युक्षण कहलाता है।

पर्युक्षणं-तिर्यग्भूतेनहस्तेनकृतंपर्युक्षणं तथा। *(आश्वलायन स्मृति)*

हाथ को तिरचा करके चारों ओर सींचना पर्युक्षण कहलाता है। अथाग्नेः पश्चात् परिस्तरणाद् बहिः आत्मनो अग्रतो भूमिं प्रोक्ष्य तत्र बर्हिः सन्नहनीं रज्जुं उदगग्रां प्रसार्य तस्यां बर्हिः प्रागग्रमुदगपवर्ग अविरलं आस्तीर्य तस्मिन् आज्यपात्रं निधाय स्रुवादि संमार्जयेत्।

उसके पश्चात् अग्नि के पश्चिम में परिस्तरण के बाहर अपने आगे भूमि की प्रोक्षण कर वहाँ बर्हिष् को बाँधी-हुई रज्जु (रस्सी) को उत्तराभिमुख खोलकर रखें। उस बर्हिष् को बाँधी-हुई रज्जु रस्सी को उत्तराभिमुख खोलकर रखें। उस बर्हिष को पूर्वाग्र रखते हुए उत्तर की ओर मोटे-बिछाना चाहिये। (बीच में जगह खाली न रहना चाहिये।) फिर उस बर्हिष पर घी का पात्र रखें।

इसके बाद स्रुवादियों का संस्कार करना चाहिये—**दक्षिणेन हस्तेन स्रुक् स्रुवो गृहीत्वा सव्येन कांश्चिद्दर्भानादाय सहैवाग्नौ प्रताप्य स्रुचं निधाय स्रुवं वामहस्तेगृहीत्वा दक्षिणहस्तेन स्रुवस्य बिलं दर्भाग्रैः प्रादक्षिण्येन प्रागादि प्रागपवर्गं त्रिः संमृज्य अधस्ताद्दर्भाग्रैः एव अभ्यात्मं बिलपृष्ठं त्रिः संगृज्य ततो दर्भाणां मूलैः दंडस्याधस्ताद् बिलपृष्ठादारभ्य यावदुपरिष्टाद् बिलं तावत् त्रिः संमृज्य अद्भिः प्रोक्ष्यं स्रुव निष्टप्याज्य स्थाल्या उत्तरतः स्रुगसंसृष्टं निधाय उदकं स्पृष्ट्वा तैरेव दर्भैः जुहूं च एव मेव संमृज्यद्युत्तरतोश्रुवाधुन्तरो निधाय दर्भानद्भिः क्षालयित्वा अग्नौ अनु प्रहरेत्।** *(ब्रह्मकर्म समुच्चय)*

दाहिने हाथ में स्रुक स्रुवो को पकडकर, बाये हाथ में कुछ कुशों को लेकर, दोनों को अग्नि में थोड़ा से गरमायें, स्रुक् को नीचे रखें। स्रुव को बायें हाा में लवें, एवं कुशों को दाहिने हाथ में लेवें। कुशाग्र से स्रुवा के जो बिल (खड्डा) है उसे पूर्व से प्रदक्षिणाकार में तीन बार घुमाकर स्वच्छ करें। स्रुव को

अपने ओर कर स्रुव के निचले भाग को भी तीन बार कुशाग्र से स्वच्छ करें। इसके पश्चात् कुश के निचले भाग से स्रुव के पीछे बिलपृष्ठ से (गड्डे से) अगले भाग (बिल) तक तीन बार घूमाकर स्वच्छ करना चाहिये। जल से प्रोक्षण करें। आत्यस्थाली के उत्तर में स्पर्श न हो ऐसे रखें। फिर पानी से हाथ धो लें। फिर उन्हीं कुशों को दाहिने हाथ में लेवें। बाये हाथ में स्रुक को लें।
कुशाग्र से सुक् के जो बिल (गड्डा) है उसे पूर्व से प्रदक्षिणा कार में तीन बार घुमाकर स्वच्छ करें। स्रुक् को अपने ओर कर स्रुक् के निचले भाग को भी तीन बार कुशाग्र से स्वच्छ करें। इसके पश्चात् कुश के निचले भाग से स्रुक के पीछे बिलपृष्ठ से (गड्डे) अगले भाग (बिल) तक तीन बार घुमाकर स्वच्छ करना चाहिये। जल से प्रोक्षण करें। आज्यस्थाली के उत्तर में रखे स्रुवा के उत्तर में स्रुक को रखें। फिर उन कुशों को जल से धोकर अग्नि में डाल दें।

यहाँ पर स्रुव एवं स्रुक् का संस्कार पूर्ण हुआ।

चरु शुद्धि—ततः सुशृतं स्रुव गृहीतेनाज्येन अभिघार्य उदगुद्वास्य अगन्याज्ययोर्मध्येन नीत्वा आज्यात् दक्षिणतो बर्हिषि सोत्तरमासाद्य पुनरप्यभिघार्य नवाभिघार्य (परिधीन् ऊर्ध्व समिधौ अग्नौ निधाय।) पक्व चरु पात्र में स्थित चरु को घी से अभिघार्य (सिञ्चन) करके उत्तर में रखना चाहिये। अग्नि एवं घी पात्र के बीच में इसे लाना चाहिये। आज्यपात्र के दक्षिण में बर्हिष् पर इसे रखकर घी से अभिघार करना चाहिये। न करने पर भी कोई बाधा नहीं है। (परिधि को तीन ओर रखकर ऊर्ध्व समित् को अग्नि में डालकर।)

प्रमाण श्लोक—**रक्षार्थ तन्मुखे दर्भान् निधाय प्राक्स्थिते कृते। पवित्रे चरुपात्रस्थे करोति सुविचक्षणः ॥ १ ॥**
निमन्त्रितानां देवानां प्रागिध्माधानकर्मणि। निर्वापस्तु बहिष्ठानादन्तराह्वानवद्भवेत् ॥ २ ॥
विसृम्भणार्थकं तेषां भीतानामात्मवैरतः। अन्तर्धाय पवित्रेतु चरोः पात्रे तु निर्वपेत् ॥ ३ ॥
व्रीहीन्वा तण्डुलान् वाथ पाकयज्ञेषु मन्त्रकृत्। चतुरश्चतुरो मुष्टीन् निर्वपेत् प्रतिदेवताः ॥ ४ ॥
एका तद्देवतानां स्यात् तत्पत्नीनां परा भवेत्। तत् पुत्राणां भवेदेका तद् भृत्यानां तथा परा ॥ ५ ॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

रक्षा के लिए प्रणीता पात्र के ऊपर जो सम्मुख हो उस पर रखें पवित्र को उठाकर चरु पात्र के ऊपर रखें ॥ १ ॥ इध्माधान (समित् के कट्टा को देने से) पहले आवाहन किये गये देवताओं को अन्वाधान में पवित्र रखकर निर्वाप करना चाहिये। बाहर आये देवताओं को अन्दर बुलाना चाहिये ॥ २ ॥ अपने शत्रु

दैंत्यों से भत देवताओं के विश्वास के लिए चरुपात्र में पवित्र रखकर निर्वाप करना चाहिये। दैत्य पवित्र से डरते हैं एवं कुशों के पास नहीं आते हैं॥ ३॥ चरु यज्ञ में धान या चावल को चार-चार मुष्टि प्रति देवता के हिसाब से डालना चाहिये। (अल्प प्रमाण में होने पर यह विधि है। अधिक प्रमाण में होने पर यह आवश्यक नहीं है)॥ ४॥ एक मुष्टि देवता के लिए, एक उनकी पत्नी के लिए, एक पुत्रों के लिए एवं एक एक सेवकों के लिए मिलाकर चार मुष्टि होती हैं॥ ५॥

चरु पात्र प्रोक्षण प्रमाण श्लोक—शुद्ध्यर्थं प्रोक्षयेत् तद्वत् प्राग् प्रणीतास्थितैर्जलैः। पूर्ववत् सपवित्रेण दक्षिणेन करेण तु॥ १॥
चतुर्वारं निर्णिजति तण्डुलान् पात्रगान् शुभान्। स्राव्यपात्रे तु तत्पात्रमग्नौ चर्वां निधापयेत्॥ २॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

तण्डुल (चावल) शुद्धि के लिए प्रणीता जल से दाहिने हाथ में पवित्र रखकर चार बार प्रोक्षण करना चाहिये। चार बार धोना चाहिये॥ १॥ चरुपात्र में स्थित चावलों को पानी मिलाकर पकने के लिए रखना चाहिये॥ २॥

प्रदेशमात्रमुदित मेक्षणं यज्ञियं भवेत्। रक्षार्थं पाकसिद्धयै च चरोः पात्रे निधापयेत्॥ ३॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

१२ अंगुल लम्बे यज्ञीय वृक्ष के एक समित् (उदा.) पीपल को पाक सिद्धि एवं रक्षण के लिए चरुपात्र के ऊपर रखना चाहिये॥ ३॥

जलं तत् पूर्णपात्रस्थं तीर्थोदत्वात् चरौ क्षिपेत्। यज्ञीयेन पवित्रेण स्रुगादिभ्यः परेण तत्॥ ४॥
प्रमाण लक्षणैर्युक्तं स्रुव ताम्रदिभिस्तु यत्। यदि यज्ञीय वृक्षाणां पर्णानि स्युः स्रुगादिषु॥ ५॥
चत्वारः क्षीरिणो वृक्षाः द्वौ पलाशौ विकंकतः। खदिरश्च शमी बिल्वौ यज्ञीयास्तरवः स्मृताः॥ ६॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

पूर्ण पात्र में विद्यमान जल तीर्थ स्वरूप होने के कारण चरु में उसी को डालें। यज्ञीय वृक्षों से स्रुक् आदियों को बनाना चाहिये या ताम्र से भी बना सकते हैं। यज्ञीय वृक्षों के पत्ते से भी स्रुक् स्रुवादि बना सकते हैं॥ ४-५॥ दो प्रकार के पलाश, विकंकत, खदिर, शमी एवं बेल (बिल्व) ये यज्ञीय वृक्ष कहलाते हैं। इनमें दूध नहीं होते है। दूध युक्त-पीपल, वट, औदुम्बर, वट का एक भेद प्लक्ष ये चार दूध युक्त यज्ञीय वृक्ष है॥ ६॥ **इन यज्ञीय वृक्षों के पात्र श्रेष्ठ माने जाते हैं।**

शस्तानीमानि पात्राणि चैतेषां यज्ञ कर्मसु। अश्वत्थोदुम्बरौ श्रेष्ठौ पात्राणां ग्रहणे मतौ ॥ ७ ॥
ऐतेषां च पलाशौ द्वौ खदिरश्चापि शस्यते। शमी चौदुम्बरश्चापि पूर्वालाभे तु शस्यते ॥ ८ ॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

यज्ञीय पात्र निर्माण के लिए अश्वत्थ एवं औदुम्बर की लकड़ी श्रेष्ठ है, दो प्रकार पलाश एवं खदिर भी ठीक है। इनके न मिलने पर शमी एवं औदुम्बर भी ठीक है।

यस्माच्चरुरसंपातात् न बहिः स्यन्दितु व्रजेत्। स्यन्दने त्वपि संप्रीतिर्नदेवानां भविष्यति ॥ ९ ॥
यदि विष्यन्दते कुर्यात् निष्कृतिं यान्ति ते मुदं। तस्य होमस्य चाद्यन्ते घृतैः स्कन्नाय मन्त्रवत् ॥ १० ॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

चरु को पकाते समय उबलकर बाहर आकर अग्नि पर नहीं पड़ना चाहिये। गिरने से देवताओं को सन्तोष नहीं होता है। प्रायश्चित्त करने से प्रसन्न होते है। प्रधान आहुति से पहले एवं अन्त में घी की आहुतियाँ देना चाहिये। यदि हुआ तो दो बाद घी की आहुति दे देवें ॥ ९-१० ॥ यह स्कन्नाहुति कहलाता है।

घी के पात्र के संस्कार का प्रमाण श्लोक—

शन्ते सशब्दे हविषि घृतं गोर्वस्त्र गाळितम्। संस्रावयेदाज्यपात्रे सपवित्रे पुरस्थिते ॥ १ ॥
अग्नेः प्रागुत्तरे भागे सांगारं भस्म तत् पृथक्। विभज्य तस्मिन्नंगारे घृतपात्रं विनिक्षिपेत् ॥ २ ॥
पृथक् पाकतव संसिध्यै हविषोऽस्य घृतस्य च। तदग्निना तत् क्रियते त्वशांतत्वाय भस्मवत् ॥ ३ ॥
ज्वालामदृष्ट्वा पक्वस्य पाकस्यार्थोर्ध्वगामिनीं। हविषा नातितृप्तिः स्यात् देवानां होमकर्मणि ॥ ४ ॥
तस्माच्च रक्षासां हत्यै तत्स्थानां च यदृच्छया। होता प्रज्वाल्य दर्भाग्र माज्यस्यैव प्रदर्शयेत् ॥ ५ ॥
हतानां आज्य संस्थानां दर्भाग्राग्नेः प्रभावतः। शुद्धते स्वर्शनादग्रे घृते क्षिपति दर्भयोः ॥ ६ ॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

चरु बनने के बाद, गाय के घी को वस्त्र से शोधर करना चाहिये, उस घी को पूर्वाग्र कुशा के ऊपर अपने सम्मुख घी के पात्र में डालें ॥ १ ॥ होमाग्नि के

ईशान भाग में भस्म सहित अंगारो को अलग करना चाहिये। उस पर घी के पात्र को रखना चाहिये ॥ २ ॥ हविस् एवं घी अलग होना चाहिये। चरु निर्माण समय में अग्नि ज्वालाये दिखना चाहियें, न दिखने पर देवता प्रसन्न नहीं होत हैं। अथात् धुऐं में नहीं गरम करना चाहिये ॥ ४ ॥ वहाँ विद्यमान राक्षसों के नाश के लिए कुशाग्नि को घी को दिखाना चाहिये ॥ ५ ॥ कुशाग्र कि अग्नि के प्रभाव से नाश हुए राक्षसों के संपर्क से अशुचि घी को पवित्र करने के लिए दो कुशाग्रो को घी में डालना चाहिये ॥ ६ ॥

पर्यग्निकरण प्रमाण श्लोकः-दैत्या हविर्मुखा नाम तदाऽऽयास्यन्ति साहसात्। तेषां निरसनार्थाय पर्यग्निकरणं त्रिशः ॥ ७ ॥
सपवित्रं घृतं तीर्थे समुद्वपति तद् बहिः। तदग्निमग्नौ प्रागेतमेकीकुर्यात् सभस्मना ॥ ८ ॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

हविर्मुख नामक दैत्य साहस से वहाँ आते हैं। उनके निराकरण के लिए तीन बार पर्यग्निकरण (कुशाग्नि) करना चाहिये ॥ ७ ॥ पवित्र समेत घी के पात्र को तीर्थ देश में रखना चाहिये। भस्मसहित अंगारों को अग्नि में मिलाना चाहिये ॥ ८ ॥

घी के उत्पवन (शुद्धिकरण) के प्रमाण श्लोक—

रक्षोहाग्नेस्तु शुद्ध्यर्थं स्पर्शनात् संस्पृशेदपः। तत उत्पवनं कार्यं घृतस्य प्रत्यगुत्तरे ॥ १ ॥
अमेध्य भक्षणान्नित्यं गवामाज्येषु यद्भवेत्। तद्दोषपरिहारार्थं सम्यगुत्पवनं चरेत् ॥ २ ॥
आविशान्त्यपि तावच्च पुनर्दैत्या घृतं स्थितं। क्रूरा यज्ञप्रहर्तारश्चैतास्तेन विनिर्णुदेत् ॥ ३ ॥
सुधाहारा सुराः सर्वे सुधातृप्त्यै घृतस्ययत्। सवितुष्ट्वेति मन्त्रेण त्रिरुत्पवनमिष्यते ॥ ४ ॥
दर्भाभ्यामुदगग्राभ्यां प्राग्वीर्यं विसृजन्निव। साङ्गुष्ठोपकनिष्ठाभ्यां शनैरुत्पवनं चरेत् ॥ ५ ॥
असंस्पृष्टे यथान्योन्यं तथा ग्राह्ये पवित्रके। तयोर्मध्यात् सुधायास्तु मथनादिव संभवः ॥ ६ ॥
अपृथक् संगृहीताभ्यां ताभ्यां प्राक् प्रोक्षणी जलं ।ग उत्पुनाति विशुद्ध्यर्थं वीर्योत्सिक्ता भवन्ति हि ॥ ७ ॥
तेऽग्रावनुप्रहरति पवित्रे प्रोक्ष्य वारिणा। मथनत्वात् शुचेः शुद्ध्यै दद्यात् चापउपस्पृशेत् ॥ ८ ॥

पृथिव्या अपि ते धर्तुमशक्यत्वात् पवित्रके। अग्नौ क्षिपति ते होता प्रागग्रे तु प्रभावतः॥ ९॥
ततो बर्हिस्समाधाय रज्जुं विसृस्य चात्मनः। पुरतः पश्चिमे भागे तूदगग्रांस्तृणात्यधः॥ १०॥
तेषु बर्हिरुदक्संस्थं प्रागग्रं विकिरेत् ततः। बर्हिष्युत्तरतः पात्रमाज्यस्यापि विनिक्षिपेत्॥ ११॥
अदन्त्येवौघशीर्गावो गव्यस्य च घृतस्य च। एकत्वात् बर्हिषस्तस्मिन् नाज्यपात्रं विनिक्षिपेत्॥ १२॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

राक्षसों से ग्रस्त अग्नि कि शुद्धि के लिए जल को स्पर्श करना चाहिये। अनन्तर नैऋतय में घी का उत्पवन करना चाहिये (शुद्धीकरण)॥ १॥ गायें प्रतिदिन अनेक खाने के अयोग्य वस्तुओं को खाते है। इस दोष परिहार के लिए घी सही तरीखे से उत्पवन (शुद्धीकरण) करना चाहिये॥ २॥ दैत्य पुनः पुनः घी में प्रवेश करते हैं, ये यज्ञ को नाशकरने वाले है एवं क्रूर है इसलिए इनको दूर करना चाहिये॥ ३॥ देवता अमृत पीने वाले है, अमृत पीने के बाद तृप्ति के लिए घी पीते हैं। इस घी को अमृत बनाने के लिए ''सवितुष्ट्वा'' इस मन्त्र से तीन बार उत्पवन करना चाहिये॥ ४॥ उत्तर की ओर अग्रवाले पवित्र (दो कुशों को) अंगुष्ठ एवं अनामिका अंगुलियों में परस्पर अलग पकडकर पूर्वाभिमुख उन कुशाग्रों से घी में उत्पवन करना चाहिये। घी में शक्ति सञ्चार की कल्पना करनी चाहिये। उनके बीच में मंथन से ऋदो कुशों से घी को हिलाने से अमृत की उत्पत्ति होती है॥ ५-६॥ प्रोक्षणी जल भी इसी प्रकार पवित्र किया गया है। इस प्रक्रिया से शुद्ध होकर वीर्यवान् बनते हैं॥ ७॥ जल से प्रोक्षणकर उन कुशों को (पवित्र) अग्नि में डालना चाहिये। मंथन करने से जो अशुद्धि हुई उसका परिहार के लिए जल से हाथ धा लें॥ ८॥ इतना अधिक पवित्र (शुद्धीकरण) कार्य करने वाले उन कुशों को (पवित्र) भूमि भी सहने में असमर्थ है। अतः उसे भूर्वाभिमुख कर अग्नि में डालना चाहिये॥ ९॥ बर्हिष् को हाथ में लेकर उसका रजजू (रस्सी) को उततराभिमुख रखकर खोले। इसे अपने आग्र यानि पश्चिम दिशा में करें। भूमि पर इसे पसारे॥ १०॥ इन बर्हिष् का अग्र पूर्वाभिमुख हो, इसे दक्षिण से उत्तर की ओर पसारें। उस पर उत्तर में घी का पात्र रखें॥ ११॥ गाये औषधियों को खाते हैं। उन का आहार बर्हिष् (घास) अतः बर्हिष् एवं घी एक ही परिवार के है। अतः बर्हिष् के ऊपर घी का पात्र रखना चाहिये॥ १२॥

स्रुक् स्रुव शुद्धीकरण का प्रमाणश्लोक—

दर्भास्तु वामहस्तेन स्रुक् स्रुवौ दक्षिणेन तु। गृहीत्वा निष्टपत्यग्नौ युगपत् होमकर्मणि॥ १॥

तेषां भूमौ स्थितानां प्रागसुरावेशशंकया। दर्भादीनां तु निस्सृत्यै निष्टपत्येव कर्मकृत्॥ २॥
माययान्तः प्रविष्टानां जुह्वास्तस्याः स्रुवस्य च। असुराणां विनाशार्थं कुशमार्जनमिष्यते॥ ३॥
त्रिःपवित्रस्य तस्याग्रं दर्भाग्रैस्तैः प्रदक्षिणम्। दर्भमध्यैर्बिलस्याग्रं मूलाद्यन्तं तदाचरेत्॥ ४॥
दर्भमूलैर्बिलादर्वाक् दण्डमूलं तथा त्रिशः। कृत्वा पृष्ठे तदग्रादि मूलान्तं सकृदारभेत्॥ ५॥
दैत्य बाधा समुद्भूत दोष निर्हरणायतु। पुनर्निष्टप्य चाज्येस्मिन् स्रुव होता निधापयेत्॥ ६॥
एवं जुहूँ च संमृज्य यत्स्रुवेण अभिघारितम्॥ ७॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

बायें हाथ में कुशों को पकड़कर दाहिने हाथ में स्रुक्एवं स्रुव को पकडे। एककाल में सभी को अग्नि में तपाना चाहिये॥ १॥ भूमि पर रहने पर असुरों के प्रवेश भय से हाथ में पकड़ना चाहिये। कुशों से एवं स्रुक् स्रुव से असुर निवारण के लिए उन्हें अग्नि में तपपाना चाहिये॥ २॥ स्रुक एवं स्रुव में माया से प्रवेश करने वाले असुरों का निवारण के लिए कुशों से उन्हें शुद्ध करना चाहिये॥ ३॥ स्रुव के अग्र को (बिल) तीन बार कुशों से प्रदक्षिणाकार में शुद्ध करना चाहिये। कुशों के मध्य से उपरिभाग को स्वच्छ करें। स्रुव के दण्ड को कुश के मूल से तीन बार स्वच्छ करना चाहिये॥ ४॥ बिल के नीचे से स्रुव के पीछे तक एवं स्रुव के बिल पृष्ट से बिल का अग्रभाग तक तीन बार स्वच्छ करें॥ ५॥ दैत्य बाधा निवारण के लिए पुनः स्रुव को अग्नि मे सेकना चाहिये। घी के पात्र में उस स्रुव को रखें॥ ६॥ स्रुक् का भी इसी प्रकार शुद्धीकरण करना चाहिये। स्रुव के चरु में अभिधर्य घी डालना चाहिये। सुक्र को उत्तर में रखना चाहिये॥ ७॥

चरु संस्कार प्रमाण श्लोकः—करोत्यशब्दे हविषि पक्कोदस्थेऽमृताप्तये। प्राक् कार्यत्वात् स्रुवेणात्र प्राक् संमार्जनमिष्यते॥ १॥
दग्धे मृत्युमपक्के हृद्रोगमिष्यति ते भयम्॥ २॥
विद्वेषं च विषादं च शशब्देत्ववरोपिते। मथनात् कलहं चापि स्वजनेभ्यः समृच्छति॥ ३॥
तीर्थीकरण संसिद्ध्यै तीर्थदेशे निधास्यति। आरोप्य तस्मिन् हविषि पुनराज्यं प्रसिञ्चति॥ ४॥

ऊर्ध्वं श्येना यथाकाशे विचरन्त्यामिषेच्छया। तथाऽसुरा दुरात्मानः सञ्चरन्ति जिघृक्षया॥ ५॥
आज्याभिघारणं तस्मात् तीर्थस्थे हविषि स्मृतम्। अग्नेराज्यस्य मध्येन नयनं च विशिष्यते॥ ६॥
यदा नीत्वाऽसुरभ्यात् पुनराज्येन सिञ्चति॥ ७॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

चरु के शब्द (पकने का) बन्द होने के बाद उसे उत्तर में रखना चाहिये। स्रुव का कार्य पहले आने के कारण पहले उसका शुद्धीकरण होता है॥ १॥ चरु जल जाने पर मृत्यु, कच्चे रहने पर हृदय रोग होता है॥ २॥ यदि पकते हुए शब्द करते हुए चरु को उतारने पर विहेष एवं विवाद होता है। चरु मथने पर बन्धुओं से कलह होता है। उतारने समय मथन नहीं करना चाहिये॥ ३॥ उतारकर उसे तीर्थदेश में रखना चाहिये। वहाँ रखकर उसमें घी डालना चाहिये॥ ४॥ मांस के लिए जैसे गिद्ध घूमते हैं, सैसे चरु को लेने के लिए राक्षर तैयार रहते हैं। इसलिए तीर्थदेश में स्थित चरु को घी का सिञ्चन करना चाहिये। अग्नि एवं आज्यपात्र के बीच से लाकर दक्षिण में चरु पात्र को रखना चाहिये॥ ५-६॥ पुनः एक बार रखने के बाद असुरों के भय से घी का सिञ्च न करना चाहिये॥ ७॥ इस प्राकर तीन बार घी का अभिघार होता है।

परिधि प्रकरण प्रमाण श्लोक—ऊर्ध्वेध्मकानुयाजाश्च त्रयः परिधयः पुरा। इध्मैः सहैव बध्यन्ते प्रागुक्तात्मान एव ते॥ १॥
हुतस्य होष्यमाणस्य हविषः पालनाय च। परितः परिधीयन्ते त्रयः परिधयस्तथा॥ २॥
पश्चिमे वसवो रुद्रा दक्षिणे चोत्तरे स्थिताः। आदित्यास्तु क्रमात्तेवै निधीयन्ते तथा त्रयः॥ ३॥
रौद्रस्याद्द क्षिणास्तस्मात् पश्चिमोपरि दक्षिणः। करोति मूलं मूलेन चाग्रं मूलोपरि स्थितम्॥ ४॥
आदित्यः पश्चिमाग्राधो मूलं प्रागग्रमिष्यते। उत्तरं पश्चिमत्वात्तु तेषु तांश्च समावहेत्॥ ५॥
मनसा कल्पयेत् पूर्वं प्रजापत्यं विचक्षणः। दुर्ग्रहत्वात् तत् क्रियते तत् कोणादेव सिद्धयति॥ ६॥
अनुयाजं सरस्वत्यां निधायोर्ध्वेध्माकावुभौ। शृङ्गत्वसिद्धये वह्नेः क्षिपेदुपरि चोच्छ्रितौ॥ ७॥
प्राग्जातौ दक्षिणौ शृंगौ पश्चात् जातौ तदुत्तरौ। प्राग्जातोपरि जातत्वात् उत्तरः परिधिः स्मृतः॥ ८॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

होमवेदी के चारों ओर बिछाने वाला परिधि कहलाता है। ऊर्ध्व समित् दो (ऊपर की ओर उठे हुए) १५ इध्म समित्, अनुयाज समित् एक, तीन परिधि समित्, कुल मिलाकर २१ हुए। इन छः को १५ इध्म के साथ मिलाकर बाँधना चाहिये॥ १॥ पहले किये कर्मों का एवं आगे होने वाले सभी होम कर्मों की रक्षा के लिए तीन परिधि रखना चाहिये॥ २॥ पश्चिम दिशा के परिधि के वसु देवता, दक्षिण दिशा के परिधि के रुद्र देवता, उत्तर दिशा के परिधि के आदित्य देवता है। इन्हें तीन दिशा में रक्षा के लिए रखते हैं॥ ३॥ पश्चिम दिशा के परिधि के मूल पर दक्षिण दिशा के परिधि का मूल रखना चाहिये। पश्चिम दिशा के परिधि के अग्र को उत्तर दिशा के मूल पर रखना चाहिये॥ ४॥ उत्तर दिशा के परिधि का अग्र पूर्वाभिमुख होना चाहिये क्योंकि यह आखरी है। उन परिधियों पर वसु रुद्र आदित्यों को आवाहन करना चाहिये॥ ५॥ पूर्व में प्रजापति को मन में कल्पना करनी चाहिये। ब्रह्मा जी का मूर्तिरूप न होने के कारण स्मरण करना चाहिये॥ ६॥ अनुयाज समित् को सरस्वती के पास रखें। प्रणीता पात्र में सरस्वती का आवाहन किये हैं। ऊर्ध्व दो समिधों को वह्नि को शृंगत्व सिद्धि के लिए सींच के रूप में ऊर्ध्वमुख अग्नि पर रखना चाहिये॥ ७॥ अग्नि के दक्षिण के दो सींग पहले आये थे। उत्तर के सींग बाद में आये थे। आद में पैदा होने के कारण उत्तर की सींच श्रेष्ठ है॥ ८॥

आगे प्रयोग विधि है—एकादशाङ्गुलिमिते देशे गंधाक्षतपुष्पैः अग्निं समन्त्रं अर्चयेत्। चत्वारिशृंगा इति मन्त्रेण अग्नौ शृंङ्ग प्रक्षेपणे विनियोगः स्थण्डिल (होम वेदी से) ११ अंगुल बाहर गंध अक्षत पुष्पों से अग्नि को मन्त्रसहित पूजन करें। चत्वारि शृङ्गा इस मन्त्र से अग्नि में शृंग समित् को छोडे। **विश्वानि न इति तिसृणां आत्रेयो वसुश्रुतोग्निस्त्रिष्टुप् द्वयोरर्चने अन्त्याया उपस्थाने विनियोगः।**

ॐ विश्वा॑नि नो दु॒र्गहा॑ जातवेदः। पूर्व में पूजन करें। ॐ सिंधुनना॒वादु॑रि॒तातिं॑पार्षि॥ आग्नेय में पूजन करें

ॐ अग्ने॑ अत्रि॒वन्नम॑सागृणा॒नः॥ दक्षिण में पूजन करें। ॐ अ॒स्माकं॑ बोध्यवि॒ता॒त॒नूनां॑॥ नैर्ऋत्य में पूजन करें। (ऋग्वेद ५.४.९)

ॐ यस्त्वा॑हृदाकी॒रिणा॒मन्यमानः॥ पश्चिम में पूजन करें। ॐ अमं॑र्त्यं॒ मर्त्यो॒ जोहं॑वीमि॥ वायव्य में पूजन करें।

ॐ जातं॑वेदो॒ यशो॑ अ॒स्मासुं॑धेहि॥ उत्तर में पूजन करें। ॐ प्रजाभिं॑रग्ने अमृत॒त्वमं॑श्यां॥ ईशान में पूजन करें। (ऋग्वेद ५.४.१०)

ॐ यस्मै॒त्वं सु॒कृते॑ जातवेदउलो॒कमं॑ग्नेकृ॒णवं॑स्योनं। अ॒श्विनं॒ स पु॒त्रिणं॑ वी॒रव॑न्तं॒ गोमं॑न्तं र॒यिंनं॑शते॒स्वस्ति॥ (ऋग्वेद ५.४.११)

यह मन्त्र कहकर उपस्थान (प्रार्थना) करें। ॐ अग्नये नमः। ॐ जानवेदसे नमः, ॐ हुताशनाय नमः। इन मन्त्रों से अग्नि का पूजन करें। ॐ आत्मने

नमः, ॐ अन्तरात्मने नमः, ॐ परमात्मने नमः। इन मन्त्रों से आत्मा का पूजन करें। हाथ धो लें। **ॐ ब्रह्मणे नमः। ॐ वसिष्ठाय नमः। ॐ त्रयीवद्यात्मने नमः।** इन मन्त्रों से ब्रह्मा का पूजन करें।

इध्म बन्धन रज्जुं इध्म स्थाने निधाय पाणिना इध्ममादाय मूलमध्याग्रेषु स्रुवेण त्रिरभिधार्य मूल मध्ययो र्मध्यभागे गृहीत्वा। सरज्जुं अनुयाजं प्रणीतायां प्रतिष्ठाप्य इध्म को हाथ में लेवें। उसके रज्जु (रस्सी) को खोलें। रज्जू को अनुयाज समित् के साथ प्रणीता पात्र पर रखना चाहिये। हाथ में लिए इध्यम को मूल, मध्य एवं अग्र में स्रुव से तीन बार घी से अभिधार्य (सिञ्चन) करके, मूल एवं मध्य के बीच में पकड़कर (दाहिने हाथ में)—

अयं ते वामदेवो जातवेदा अग्निस्त्रिष्टुप् इध्म हवने विनियोगः। ॐअयं तइध्म आत्मा जातवेदस्तेनेध्यस्व वर्धस्वचेद्धवर्धय चास्मान् प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेनान्न द्येन समेधयस्वाहा॥ जातवेदसेग्नये इदं न मम। इन मन्त्रों को कहकर इध्यम को अग्नि में डाल देवें। **इध्यम मूलं स्पृष्ट्वा अपः उपस्पृश्य आघारावाधारयेत्।** इध्ममूल को छूकर हाथ धो लें। आघार होम करें।

अग्नि अलंकार इध्यम हवन के प्रमाणश्लोक—

ततोग्नेर्गं धपुष्पाद्यैः बहिरर्चा विधीयते। अमृतत्वस्य संसिद्ध्यै घृतेनेध्माभिघारणम्॥ १॥
समिद्बन्धनरज्जुं च प्रणीतायामुखेक्षिपेत्। होष्यन् सहानुयाजेन क्षिप्तवान्यत्रासुरं भवेत्॥ २॥
प्रसारिताङ्गुलिर्वाम ऊर्ध्वाग्रो हृदये करः। भवेद् होतुर्मण्डनार्थं होतव्यानां दिवौकसां॥ ३॥ *(आश्वलायन स्मृति)*
अयं तं इति मन्त्रेण मन्त्रार्थं संस्मरन हुनेत्। अन्तर्नयेदादरार्थं आस्ये गोर्दन्तशष्पवत्॥ ४॥
उच्छिष्टस्पृष्टितः शुद्ध्यै जलं स्पृशति वै तदा॥ ५॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

फिर अग्नि को गन्ध पुष्पादियों से होम वेदी से बाहर पूजन करना चाहिये। अमृतत्व प्राप्ति के लिए इध्म समित् पर घी से अभिघार (सिञ्चन) करना चाहिये॥ १॥ समित् बाँधने वाले रज्जु (रस्सी) को अनुयाज समित् के साथ प्रणीता पात्र पर रखना चाहिये। अन्यत्र रखने पर वह आसुर हो जाता है॥ २॥ बायें हाथ के सभी अङ्गुलियों को अलग-अलग करके हथेली को हृदय भाग पर रखना चाहिये। देवताओं के सम्मान के लिए हाथ को ऐसे नमस्कार रूप में रखते हैं॥ ३॥ अयं त इति मन्त्र के अर्थ को स्मरण करते हुए होम करना चाहिये। गाय के मूँह में जैसे घास देते हैं, वेसै इध्म को हाथ के बीच में

रखकर उसे अग्नि में देना चाहिये ॥ ४ ॥ इध्म खिलाने पर उच्छिष्ट होने के कारण हाथ को धो लेवें ॥ ५ ॥

आघार होम

ततः स्रुवेण आज्यं आदाय अग्नेः आयतनस्य वायव्य कोणं आरभ्य आग्नेय कोण पर्यन्तं प्रजापतय इति मनसा स्मरन् स्वाहेति उच्चार्य नैरंतर्येण आज्यधारां अग्नौ इध्मदारूपरि हुत्वा, पुनराज्यं आदाय अग्नेरायतनस्य नैर्ऋतकोणात ऐशानीपर्यन्तं तथैव हुत्वा त्यक्त्वा च, इध्माहुति के बाद स्रुवा से घी लेकर होम वेदी के कोण से (परिधि सन्धि) वायव्य से प्रारंभकर आग्नेय कोण तक प्रजापति को स्मरण करते हुए स्वाहा शब्द को बोलते हुए निरन्तर घी को अग्नि में इध्म के ऊपर डालना चाहिये। **प्रजापतये इदं न मम।** कहकर त्याग करना चाहिये। इसी प्रकार नैर्ऋत्य कोण से (परिधि सन्धि) ईशान कोण पर्यन्त निरन्तर घी की धार डालते हुए प्रजापति को मन में स्मरण कर अग्नि में इध्म के ऊपर डालना चाहिये। **प्रजापतय इदं न मम।** कहकर त्याग करना चाहिये।

आघार होम के प्रमाण—**प्रागुत्तरस्य मूलात्तु जातः पश्चिम दक्षिणः। अंशं वित्तस्य हरति पूर्वं ज्येष्ठाद्यथा परः ॥ १ ॥**

पितुस्तथा भवेत् तूष्णीं होम आघारयोःक्रमात्। तावुभौ सहजातत्वात् दक्षिणादिक् प्रकीर्तितः ॥ २ ॥

प्राग्दक्षिणस्य मूलात्तु जात उत्तर पश्चिमः। तावुभौ सहजातत्वादुत्तरा दिक् प्रकीर्तिता ॥ ३ ॥

तस्मात् प्राग्जातयोः पश्चाद् घृतधारा प्रदीयते। शृङ्गयोर्वर्धयेद्वह्निं पूर्वं पश्चात् प्रजातयोः ॥ ४ ॥

हविर्मन्त्राच्च यज्ञत्वात् तस्मात् तन्मंत्र इष्यते ॥ ५ ॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

उत्तर दिशा के प्रारम्भ से उत्पन्न होने के कारण श्रेष्ठ होता है। पिता के जायदाद में जैसे बड़े बेटे से छोटा भाग लेता है वैसे ही उत्तर के मल श्रेष्ठ है। अर्थात वायव्य से प्रारम्भ करना चाहिये ॥ १ ॥ प्रथम आघार होम वायव्य से आग्नेय पर्यन्त, दूसरा आघर होम नैर्ऋत्य से ईशान्य पर्यन्त करना चाहिये ॥ ३ ॥ श्रेष्ठ होने के कारण पहली घृत धारा वायव्य से करना चाहिये। नैर्ऋत्य बडा होने के कारण उसकी घृतधारा बाद में की जाती है ॥ ४ ॥ यज्ञ में मन्त्र आवश्यक होने के कारण मन में प्रजापति का स्मरण कर दो शृङ्गो को बढाने के लिए आघार होम करते हैं ॥ ५ ॥

चक्षुहोम—ततः स्रुवेणाज्यमादाय अग्नेय स्वाहा इति अग्नेः उत्तर पार्श्वे पूर्व भागे हुत्वा पुनराज्यं सोमय स्वाहा इति अग्नि दक्षिणपार्श्वे तत् समप्रदेशे हुत्वा अघार होम के पश्चात् स्रुवा से घी लेकर "अग्नेय स्वाहा" कहकर अग्नि के उत्तर दिशा के पूर्वभाग में होम करें। फिर स्रुवा में घी लेकर "ॐ सोमाय स्वाहा कहकर अग्नि के दक्षिण दिशा के पूर्वभाग में पहले हवन किये भाग के समानान्तर में होम करें।

यहाँ पर अग्निमुख का पूर्वाङ्ग समाप्त

चक्षुहोम के प्रमाण श्लोक—प्रत्यङ्मुखोपविष्टस्य यथा स्यातां विलोचने। ततोत्तरं भवेत् चक्षुः अग्नेः दक्षिणमुत्तरम्॥ १॥
उत्तरं दक्षिणं चापि हूयते प्रोक्त दक्षिणम्। आज्येनैवोत्तरं पश्चात् इति शास्त्रस्य निर्णयः॥ २॥ *(आश्वलायन स्मृति)*

अग्नि देव हमारे सम्मुख होने के कारण हमारे विपरीत दिशा में है। उनका दाहिना आँख उत्तर में हैं एवं बायां आँख दक्षिण में है। अतः पहले उत्तर में होम करना चाहिये एवं बाद में दक्षिण में होम करना चाहिये। प्रायः दक्षिण से उत्तर होम होता है। परन्तु यहाँ विपरीत है यह शास्त्र वचन है॥ १-२॥

व्याहृति होमः—समस्त व्याहृतीनां परमेष्ठी प्रजापतिः प्रजापतिर्बृहती व्याहृतिहोमे विनियोगः। ॐभूः स्वाहा अग्नये इदं न मम। ॐभुवः स्वाहा वायवे इदं न मम। ॐस्वः स्वाहा सूर्याय इदं न मम। ॐभूर्भुवः स्वः स्वाहा प्रजापतये इदं न मम।

नवग्रह होमः

प्रधान देवता सूर्य होमः—आकृष्णेनेत्यस्य हिरण्यस्तूपः सविता त्रिष्टुप्, प्रधान देवता आदित्य प्रीत्यर्थे अर्कसमित्, आज्य, चरु होमे विनियोगः।

ॐ आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च।
हिरण्ययेन सविता रथेनाऽऽदेवो याति भुवनानि पश्यन् स्वाहा॥ *(ऋग्वेद १.३५.२)*

आदित्यायेदं न मम। २८ बार इस मंत्र से अर्क सहित घी एवं चरु से होम यह संख्या ८ या २८ या १०८ बार कर सकते हैं।

सूर्य अधिदेवता अग्नि होमः—अग्निं दूतमित्यस्य काण्वो मेधातिथिरग्निर्गायत्री आदित्यस्य अधिदेवता अग्निप्रीत्यर्थे अर्कसमित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ अग्निं दूतं वृणीमहे होतारं विश्ववेदसम्। अस्य यज्ञस्य सुक्रतुम् स्वाहा। *(ऋग्वेद १.१२.१)*

ॐ आदित्य अधिदेवतायै अग्नये इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें। (३+३+३=९ आहुति)

सूर्य प्रत्यधिदेवता रुद्र होमः—ॐ कद्रुद्राय इत्यस्य घोरः काण्वो रुद्रो गायत्री आदित्यस्य प्रत्यधिदेवता रुद्र प्रीत्यर्थे अर्कसमित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ कद्रुद्राय प्रचेतसे मीळहुष्टमाय तव्यसे। वोचेम शंतमं हृदे स्वाहा॥ *(ऋग्वेद १.४३.१)*

आदित्य प्रत्यधिदेवता रुद्राय इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें। (३ समित् + ३ घी + ३ चरु की आहुतियां = ९ आहुतियाँ)

प्रार्थना - दिवाकरं दीप्त सहस्त्ररश्मिं तेजोमयं जगतः कर्मसाक्षिम्। अंशुं भानुं सूर्यमादिं ग्रहाणां दिवाकरं सदा शरणमहं प्रपद्ये॥

आदित्याय नमः।

प्रधान देवता सोम होमः—आप्यायस्व गौतमः सोमो गायत्री प्रधान देवता चन्द्रप्रीत्यर्थे पलाश समित्, आज्य, चरु होम विनियोगः।

ॐ आप्यायस्व समेतु ते विश्वतः सोमवृष्ण्यम्। भवा वाजस्य सङ्गथे स्वाहा॥ *(ऋग्वेद १.९१.१६)*

सोमाय इदं न मम। २८ बार इस मंत्र से पलाश सहित घी एवं चरु से होम करें।

सोम अधिदेवता अप होमः—अप्सु मे सिन्धुद्वीप आपोगायत्री सोमस्य अधिदेवता अप् प्रीत्यर्थे पलाश समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ अप्सु मे सोमो अब्रवीदुन्तर्विश्वानि भेषजा। अग्निं च विश्वशंभुवं स्वाहा॥ *(ऋग्वेद १०.९.६)*

सोमाधिदेवतायै अद्भ्य इदं न मम। इस मन्त्र से तीन बार होम करें।

सोम प्रत्यधिदेवता गौरी होम—गौरीर्मीमायेत्यस्य औचत्यपुत्रो दीर्घतमा उमा जगती। सोमस्य प्रत्यधिदेवता गौरी प्रीत्यर्थे पलाशसमित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ गौरीर्मिमाय सलिलानि तक्षत्येकपदी द्विपदी सा चतुष्पदी।

अष्टापदी नवपदी बभूवुषी सहस्राक्षरा परमे व्योमन् स्वाहा।

सोम प्रत्यधिदेवता गौर्यै इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

प्रार्थना— **यः कालहेतोः क्षयवृद्धिमेति यं देवताः पितरश्चापिबन्ति तं वै वरेण्यं ब्रह्मेन्द्रवन्द्यं चन्द्रं सदा शरणमहं प्रपद्ये॥**

चन्द्राय नमः।

प्रधान देवता अङ्गारक होमः—अग्निर्मूर्धा विरूपोङ्गारको गायत्री। प्रधान देवता अङ्गारक प्रीत्यर्थे खदिरसमित आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ अग्निर्मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपां रेतांसि जिन्वति स्वाहा। *(ऋग्वेद ८.४४.१६)*

अङ्गारकाय इदं न मम। २८ बार इस मंत्र में खदिर समित्, घी एवं चरु से होम करें।

अङ्गारक अधिदेवता भूमि होमः—स्योना पृथिवीत्यस्य मेधातिथिः पृथिवी गायत्री। अङ्गारकस्य अधिदेवता भूमि प्रीत्यर्थे खदिरसमित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ स्योना पृथिवि भवानृक्षरा निवेशनी। यच्छा नः शर्म सप्रथः स्वाहा। *(ऋग्वेद १.२२.१५)*

अङ्गारकाधिदेवतायै भूम्यै इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

अङ्गारक प्रत्यधिदेवता स्कन्द होमः—कुमारं माता स्कन्दः स्कन्दस्त्रिष्टुप्। अङ्गारकस्य प्रत्यधिदेवता स्कन्द प्रीत्यर्थे खदिर समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ कुमारं माता युवतिः समुब्धं गुहा बिभर्ति न ददाति पित्रे
अनीकमस्य न मिनज्जनासः पुरः पश्यन्ति निहितमरतौ स्वाहा। *(ऋग्वेद ५.२.१)*

अङ्गारक प्रत्यधिदेवतायै स्कन्दाय इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

प्रार्थना— **महेश्वरस्याननस्वेदबिन्दोर्भूमौ जातं रक्तमालांबराढ्यं। सुरश्मिणं लोहिताङ्गं कुमारमङ्गारकं सदा शरणमहं प्रपद्ये॥**

अङ्गारकाय नमः।

प्रधान देवता बुध होमः—उद्बुध्यध्वं बुधो बुधस्त्रिष्टुप्, प्रधान देवता बुध प्रीत्यर्थे अपामार्ग समित्, आज्य, चरु होमे विनियोगः।

ॐ उद्बुध्यध्वं समनसः सखायः समग्निमिंध्वं बहवः सनीळा।
दधिक्रमग्निमुषसँ च देवीमिन्द्रां वतोऽवंसे निह्वये वः स्वाहां। *(ऋग्वेद १०.१०१.१)*

बुधाय इदं न मम। २८ बार इस मंत्र से अपामार्ग समित्, घी एवं चरु से होम करें।

बुध अधिदेवता विष्णु होमः—इदं विष्णुर्मेधातिथिर्विष्णुर्गायत्री, बुधस्य अधिदेवता विष्णु प्रीत्यर्थे अपामार्ग समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ इदं विष्णुर्विचंक्रमे त्रेधा निदंधे पदम्। समूंळहमस्य पांसुरे स्वाहां। *(ऋग्वेद १.२२.१७)*

बुधाधिदेवतायै विष्णावे इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

बुध प्रत्यधिदेवता पुरुष होमः—सहस्त्रशीर्षा नारायणः पुरुषोऽनुष्टुप्, बुध प्रत्यधिदेवता पुरुष प्रीत्यर्थे अपामार्ग समित्, आज्य, चरु होमे विनियोगः।

ॐ सहस्त्रंशीर्षा पुरुंषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रंपात्। स भूमिं विश्वतों वृत्वात्यंतिष्ठद्दशाङ्गुलम् स्वाहां। *(ऋग्वेद १०.९०.१)*

बुध प्रत्यधिदेवता पुरुषाय इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

प्रार्थना— उत्पातरूपो जगतां चन्द्रपुत्रौ महाद्युतिः। सूर्य प्रियकरो विद्यान् पीडां दहतु मे बुधः।। ॐ बुधाय नमः।

प्रधान देवता बृहस्पति होमः—बृहस्पते गृत्समदो बृहस्पतिस्त्रिष्टुप्, प्रधान देवता बृहस्पति प्रीत्यर्थे पिप्ल समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ बृहंस्पते अति यदुर्यो अर्हाद्द्युमद्विभाति क्रतुंमज्जनेषु।
यद्दीदयुच्छवंस ऋतप्रजात तदुस्मासु द्रविंणं धेहि चित्रम् स्वाहां।। *(ऋग्वेद २.२३.१५)*

बृहस्पतये इदं न मम। २८ बार इस मंत्र से पिप्ल समित्, घी एवं चरु से होम करें।

बृहस्पति अधिदेवता इन्द्र होमः—इन्द्र श्रेष्ठानि गृत्समद इन्द्रस्त्रिष्टुप्, बृहस्पतेरधिदेवता इन्द्रप्रीत्यर्थे पिप्पल समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ इन्द्र श्रेष्ठांनि द्रविंणानि धेहि चित्तिं दक्षंस्य सुभगत्वमस्मे।
पोषँ रयीणामरिंष्टिं तनूनां स्वादमानँ वाचः सुंदिनत्वमह्नाम् स्वाहां। *(ऋग्वेद २.२१.६)*

बृहस्पत्यधिदेवतायै इन्द्राय इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

बृहस्पति प्रत्यधिदेवता ब्रह्मा होमः—ब्रह्मणाते विश्वामित्रो ब्रह्मा त्रिष्टुप्, बृहस्पति प्रत्यधिदेवता ब्रह्म प्रीत्यर्थे पिप्लसमित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ ब्रह्मणा ते ब्रह्मयुजा युनज्मि हरी सखाया सधमाद आशू।
स्थिरं रथं सुखमिन्द्राधितिष्ठन् प्रजानन् विद्वाँ उपयाहि सोमम् स्वाहा। (ऋग्वेद ३.३५.४)

बृहस्पति प्रत्यधिदेवतायै ब्रह्मणे इदं न मम। इस मंत्र से तीन बर होम करें।

प्रार्थना— बुध्यात्मनो यस्य न कश्चिदन्यो मतिं देवा उपजीवंति यस्य। प्रजापते रात्मजं धर्मनिष्ठं गुरुं सदा शरणमहं प्रपद्ये।।

ॐ गुरुवे नमः।

प्रधान देवता शुक्र होमः—शुक्रं ते भारद्वाजः शुक्रस्त्रिष्टुप्, प्रधान देवता शुक्र प्रीत्यर्थे औदुम्बर समित्, आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ शुक्रं ते अन्यद्यजतं ते अन्यद्विषुरूपे अहनी द्यौरिवासि।
विश्वा हि माया अवसि स्वधावो भद्रा ते पूषन्निह रातिरस्तु स्वाहा। (ऋग्वेद ६.५८.१)

शुक्राय इदं न मम। २८ बार इस मंत्र से औदुम्बर समित्, घी एवं चरु से हाम करें।

शुक्र अधिदेवता इन्द्राणी होमः—इन्द्राणी वृषाकपिरिंद्राणी पंक्तिः, शुक्रस्य अधिदेवता इन्द्राणी प्रीत्यर्थे औदुम्बर समित्, आज्य, चरु होमे विनियोगः।

ॐ इंद्राणीमासु नारिषु सुभगामहमश्रवम्। नह्यस्या अपरं चन जरसा मरते पतिर्विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः स्वाहा।

(ऋग्वेद १०.८६.११)

ॐ शुक्र अधिदेवतायै इन्द्राण्यै इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

शुक्र प्रत्यधिदेवता इन्द्र होमः—इन्द्रं वो मधुच्छन्दा इन्द्रो गायत्री, शुक्रप्रत्यधिदेवता इन्द्र प्रीन्यर्थे औदुम्बर समित्, आज्य, चरु होमे विनियोगः।

ॐ इंद्रं वो विश्वतस्परि हवामहे जनेभ्यः। अस्माकमस्तु केवलः स्वाहा॥ *(ऋग्वेद १.७.१०)*

ॐ शुक्र प्रत्यधिदेवतायै इन्द्राय इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

प्रार्थना— वर्षप्रदं चिन्तितार्थानुकूलं मौनाद्विशिष्टं सुनयोमपन्नम्। तं भार्गवं योगविशुद्धसत्वं शुक्रं सदा शरणमहं प्रपद्ये॥

ॐ शुक्राय नमः।

प्रधान देवता शनैश्चर होमः—शमग्निरित्यस्य इरिंबिठिः शनैश्चर उष्णिक्, प्रधान देवता शनैश्चर प्रीत्यर्थे शमी समित्, आज्य, चरु होमे विनियोगः।

ॐ शमग्निरग्निभिः करच्छंनस्तपतु सूर्यः। शं वातो वात्वरपा अपस्त्रिधः स्वाहा। *(ऋग्वेद ८.१८.९)*

शनैश्चराय इदं न मम। २८ बार इस मंत्र से शमी समित्, घी एवं चरु से होम करें।

शनैश्चर अधिदेवता प्रजापति होमः—प्रजापते हिरण्यगर्भः प्रजापतिस्त्रिष्टुप्, शनैश्चरस्य अधिदेवता प्रजापतिप्रीत्यर्थे शमी समित्, आज्य, चरु होमे विनियोगः।

ॐ प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परिता बभूव।
यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम् स्वाहा॥ *(ऋग्वेद १०.१२१.१०)*

शनैश्चरस्य अधिदेवता प्रजापतये इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

शनैश्चर प्रत्यधिदेवता यम होमः—यमाय हसोमं यमो यमोनुष्टुप्, शनैश्चरस्य प्रत्यधि देवता यम प्रीत्यर्थे शमीसमित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ यमाय सोमं सुनुत यमाय जुहुता हविः। यमं ह यज्ञो गच्छत्यग्निदूतो अरंकृतः स्वाहा। *(ऋग्वेद १०.१४.१३)*

शनैश्चर प्रत्यधिदेवतायै यमाय इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

प्रार्थना— शनैश्चरो राशितो राशिमेति शनैर्भोगो गमनं चेष्टितं च। सूर्यात्मजं क्रोधनं सुप्रसन्नं शनैश्चरं सदा शरणमहं प्रपद्ये॥

ॐ शनैश्चराय नमः।

प्रधान देवता राहु होम—कयानो वामदेवो राहुर्गायत्री प्रधान देवता राहु प्रीत्यर्थे दूर्वासमित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ कयांनश्चित्र आ भुंवदूती सदावृंधः सखा। कयाशचिंष्ठया वृता स्वाहा। *(ऋग्वेद ४.३१.१)*

राहवे इदं न मम २८ बार इस मंत्र से दूर्वा समित्, घी एवं चरु से होम करें।

राहु अधिदेवता सर्प होमः—आयं गौः सार्पराज्ञीः सर्पा गायत्री। राहु अधिदेवता सर्प प्रीत्यर्थे दूर्वा समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ आयं गौः पृश्निरक्रमीदसंदन्मातरं पुरः। पितरं च प्रयंत्स्वः १ स्वाहा॥ *(ऋग्वेद १०.१८९.१)*

राहु अधिदेवतायै सर्पेभ्यः इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

राहु प्रत्यधिदेवता मृत्यु होमः—परं मृत्युः संकुसिको मृत्युस्त्रिष्टुप्। राहु प्रत्यधिदेवता मृत्यु प्रीत्यर्थे दूर्वा समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ परं मृत्यो अनुपरेंहि पंथां यस्ते स्व इतरो देव यानात्।
चक्षुंष्मते शृण्वते तें ब्रवीमि मा नः प्रजां रीरिषो मोत वीरान् स्वाहा। *(ऋग्वेद १०.१८.१)*

राहु प्रत्यधिदेवतायै मृत्यवे इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

प्रार्थना— यो विष्णुनैवामृतं भोक्ष्यमाणः छित्वाशिरो ग्रहभावे नियुक्तः। यश्चन्द्रसूर्यौ ग्रसते पर्व काले राहुं सदा शरणमहं प्रपद्ये॥

ॐ राहवे नमः।

प्रधान देवता केतु होमः—केतुं कृण्वन्नत्यिस्य मंत्रस्य मधुच्छन्दाः केतुर्गायत्री प्रधान देवता केतु प्रीत्यर्थे कुश समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ केतुं कृण्वन्नंकेतवे पेशों मर्या अपेशसें। समुषद्भिंरजायथाः स्वाहा॥ *(ऋग्वेद १.६.३)*

केतवे इदं न मम। २८ बार इस मंत्र से कुश समित्, घी एवं चरु से होम करें।

केतु अधिदेवता ब्रह्म होमः—ब्रह्मजज्ञानमिति नकुलो ब्रह्मा त्रिष्टुप्, केत्वधिदेवता ब्रह्मप्रीत्यर्थे कुश समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्विसीमतः सुरुचोंवेन आंवः।
स बुध्नियां उपमा अस्य विष्ठाः सतश्च योनिमसंतश्च विवः स्वाहा॥ *(यजुर्वेद-४ काण्ड-२ प्रश्न-८ अनुवाक-४ मन्त्र)*

केतु अधिदेवताब्रह्मणे इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

केतु प्रत्यधिदेवता चित्रगुप्त होम—स चित्र चित्रं भारद्वाजश्चित्रगुप्तस्त्रिष्टुप्। केतु प्रत्यधिदेवता चित्रगुप्तप्रीत्यर्थे कुश समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ स चित्र चित्रं चितयन्तमस्मे चित्रंक्षत्र चित्रतमं वयोधाम्।
चन्द्रं रयिं पुरुवीरं बृहंतं चन्द्रंचन्द्राभिर्गृणते युंवस्व स्वाहा॥ (ऋग्वेद ६.६.७)

केतु प्रत्यधिदेवतायै चित्रगुप्ताय इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

प्रार्थना—हे ब्रह्मपुत्रा ब्रह्मसमानवक्त्राः ब्रह्मोद्भवाः ब्रह्मसमाः कुमाराः।
ब्रह्मोत्तमा वरदा जामदग्न्याः केतून् सदा शरणमहं प्रपद्ये॥

ॐकेतवे नमः। यहाँ पर नवग्रह होम संपन्न हुआ। आगे छः कर्म साद्गुण्य देवता होम होगा।

कर्म साद्गुण्य देवता विनायक होमः-१—आतून इत्यस्य काण्वः कुसीदी विनायको गायत्री क्रतु साद्गुण्यदेवता विनायक प्रीत्यर्थे समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ आतूनं इन्द्रक्षुमन्तं चित्रं ग्राभं सङ्गृभाय। महाहस्ती दक्षिणेन स्वाहा। (ऋग्वेद ८.८१.१)

कर्म साद्गुण्यदेवतायै विनायकाय इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

कर्म साद्गुण्यदेवता दुर्गा होमः-२—जातवेद से कश्यपो दुर्गा त्रिष्टुप् क्रतुसाद्गुण्यदेवता दुर्गा प्रीत्यर्थे समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ जातवेदसे सुनवाम सोममरातीयतो निदहाति वेदः।
स नः पर्षदति दुर्गाणि विश्वा नावेवसिंधुं दुरितात्यग्निः स्वाहा॥ (ऋग्वेद १.९९.१)

क्रतु साद्गुण्य देवतायै दुर्गायै इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

कर्म साद्गुण्यदेवता क्षेत्रपाल होमः-३—क्षेत्रस्य पतिना वामदेवः क्षेत्रपालोनुष्टुप् चरु होमे विनियोगः।

ॐ क्षेत्रस्य पतिना वयं हितेनेवजयामसि। गामश्वं पोषयित्वा सनोमृळातीदृशे स्वाहा। (ऋग्वेद ४.५७.१)

क्रतु साद्गुण्य देवतायै क्षेत्रपालाय इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

कर्म साद्गुण्य देवता वायु होमः-४—क्राणाशिशुरित्यस्यत्रियोवायुरुष्णिाक् क्रतु साद्गुण्य देवता वायु प्रीत्यर्थे समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ क्राणाशिशुर्महीनांहिन्वन्नृतस्यदीधितिं। विश्वापरिप्रिया भुवदधद्विता स्वाहा॥ (ऋग्वेद ९.१०२.१)

क्रतु साद्गुण्य देवतायै वायवे इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

कर्म साद्गुण्य देवता आकाश होमः-५—आदित्यप्रत्नस्य वत्स आकाशो गायत्री क्रतु साद्गुण्य देवता आकाश प्रीत्यर्थे समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ आदित् प्रत्नस्यरेतसो ज्योतिष्पश्यंति वासरं। परोयदिध्यतेदिवा स्वाहा॥ (ऋग्वेद ८.६.३०)

क्रतु साद्गुण्यदेवतायै आकाशाय इदं न मम। इस मंत्र से तीन बार होम करें।

कर्म साद्गुण्य देवता अश्विनी देवता होमः-६—अश्विनावर्ति राहूगणो गोतमोश्विनावुष्णिाक् अश्वि प्रीत्यर्थे समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ अश्विनावर्तिरस्मदागोमद्दस्राहिरण्यवत्। अर्वाग्रथं समनसानियच्छतं स्वाहा॥ (ऋग्वेद १.९२.१६)

क्रतु साद्गुण्य देवतायै अश्विभ्यां इदं न मम। इस मंत्र से दो बार होम करें।

क्रतु संरक्षक देवता इन्द्र होमः—इन्द्रं वो मधुच्छन्दा इन्द्रो गायत्री क्रतु संरक्षक देवता इन्द्र प्रीत्यर्थे समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ इन्द्रं वो विश्वतस्परि हवामहे जनेभ्यः। अस्माकमस्तु केवलः स्वाहा॥ (ऋग्वेद १.७.१०)

क्रतु संरक्षक देवतायै इन्द्राय इदं न मम। इस मंत्र से दो बार होम करें।

क्रतु संरक्षक देवता अग्नि होमः—अग्निं दूतमित्यस्य काण्वो मेधातिथिरग्निर्गायत्री क्रतु संरक्षक देवता अग्नि प्रीत्यर्थे समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ अग्निं दूतं वृणीमहे होतारं विश्ववेदसम्। अस्य यज्ञस्य सुक्रतुम् स्वाहा॥ (ऋग्वेद १.१२.१)

क्रतु संरक्षक देवतौ अग्नय इदं न मम। इस मंत्र से दो बार होम करें।

क्रतु संरक्षक देवता यम होमः—यमाय सोमं यमोयमोनुष्टुप् क्रतु संरक्षक देवता यम प्रीत्यर्थे समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ यमाय सोमं सुनुतयमायंजुहुता हविः। यमंहंयज्ञो गंच्छत्यग्निदूंतो अरंकृतः स्वाहां॥ (ऋग्वेद १०.१४.१३)

क्रतु संरक्षक देवतायै यमाय इदं न मम। इस मंत्र को दो बार होम करें।

क्रतु संरक्षक देवता निर्ऋति होमः—मोषुणः कारावो निर्ऋतिर्गायत्री क्रतु संरक्षक देवता निर्ऋति प्रीत्यर्थे समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ मोषुणः परांपरानिर्ऋतिर्दुर्हणांवधीत्। पदीष्ट तृष्णांयासह स्वाहां॥ (ऋग्वेद १.३८.६)

क्रतु संरक्षक देवतायै निर्ऋतये इदं न मम। इस मंत्र से दो बार होम करें।

क्रतु संरक्षक देवता वरुण होमः—तत्वायामीत्यस्य शुनः शेपोवरुणस्त्रिष्टुप् क्रतु संरक्षक देवता वरुण प्रीत्यर्थे समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ तत्वांयामि ब्रह्मंणा वन्दंमानस्तदाशांस्तेयजंमानो हविर्भिः।
अहेंळमानो वरुणेह बोध्युरुंशंसमान आयुः प्रमोंषीः स्वाहां॥ (ऋग्वेद १.२४.११)

क्रतु संरक्षक देवतायै वरुणाय इदं न मम। इस मंत्र से दो बार होम करें।

क्रतु संरक्षक देवता वायु होमः—तव वायो व्यश्वोवायुर्गायत्री क्रतु संरक्षक देवता वायु प्रीत्यर्थे समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ तवं वायवृतस्पतेत्वष्टुंर्जामातरद्भुत। अवांस्यावृंणीमहे स्वाहां॥ (ऋग्वेद ८.२६.२१)

क्रतु संरक्षक देवतायै वायवे इदं न मम। इस मंत्र से दो बार होम करें।

क्रतु संरक्षक देवता सोम होम—सोमो धेनुमित्यस्य गौतमः सोमस्त्रिष्टुप् क्रतु संरक्षक देवता सोम प्रीत्यर्थे समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ सोमों धेनुं सोमो अर्वन्तमाशुं सोमों वीरं कर्मण्यं ददाति।
सादुन्यं विदथ्यं सभेयं पितृश्रवंणं यो ददांशदस्मै स्वाहां॥ (ऋग्वेद १.९१.२०)

क्रतु संरक्षक देवतायै सोमाय इदं न मम। इस मंत्र से दो बार होम करें।

क्रतु संरक्षक देवता ईशान होमः—तमीशानमित्यस्य गौतम ईशानो जगती क्रतु संरक्षक देवता ईशान प्रीत्यर्थे समित् आज्य चरु होमे विनियोगः।

ॐ तमीशा॑नं॒ जग॑तस्त॒स्थुष॒स्पतिं॑ धियं जि॒न्वमव॑से हूमहे व॒यम्।
पू॒षा नो॒ यथा॒ वेद॑सा॒मस॑दृ॒धे र॑क्षि॒ता पा॒युरद॑ब्धः स्व॒स्तये॒ स्वाहा॑॥ *(ऋग्वेद १.८९.५)*

क्रतु संरक्षक देवतायै ईशानाय इदं न मम। इस मंत्र से दो बार होम करें। यहाँ पर क्रतु संरक्षक देवता होम संपन्न हुआ।

व्याहृति होमः—व्याहृतीनां परमेष्ठी प्रजापतिः बृहती व्याहृति होमे विनियोगः। ॐभूः स्वाहा, अग्नये इदं न मम। ॐभुवः स्वाहा,वायवे इदं न मम। ॐस्वः स्वाहा, सूर्याय इदं न मम। ॐभूर्भुवः स्वः स्वाहा, प्रजापतये इदं न मम। इन मत्रों से एक बार होम करें।

प्रधान देवता विष्णु होमः—इदं विष्णुर्मेधातिथिर्विष्णुर्गायत्री प्रधानदेवता विष्णुप्रीत्यर्थेआज्यचरुहोमे विनियोगः।

ॐ इ॒दं विष्णु॒र्वि च॑क्रमे त्रे॒धा नि द॑धे प॒दं। समू॑ळ्हमस्य पांसु॒रे स्वाहा॑। *(ऋग्वेद १.२२.१७) आ. गृ. सूत्रम्*

ॐ विष्णवे स्वाहा। ॐ विष्णव इदं न मम। ॐमहाद्भुताधिपतये स्वाहा। ॐमहाद्भुताधिपतय इदं न मम। ॐमहाविष्णवे स्वाहा। ॐमहाविष्णव इदं न मम। ॐईश्वराय स्वाहा। ॐईश्वराय इदं न मम। ॐसर्वोत्पातशमनाय स्वाहा। ॐसर्वोत्पातशमनाय इदं न मम।

ॐ भूर॒ग्नये॑ च पृथि॒व्यै च॑ मह॒ते च॒ स्वाहा॑ अग्नये पृथिव्यै महते च इदं न मम।
ॐ भुवो॑ वा॒यवे॑चा॒न्तरि॑क्षाय च मह॒ते च॒ स्वाहा॑। वायवेऽन्तरिक्षाय महते च इदं न मम।
ॐ सुव॑रादि॒त्याय॑ य दि॒वे च॑ मह॒ते च॒ स्वाहा॑। आदित्याय दिवे महते च इदं न मम।
ॐ भुर्भूव॒ः सुव॑श्चन्द्रम॑से च॒ नक्ष॑त्रेभ्योदि॒ग्भ्यश्च॑ मह॒ते च॒ स्वाहा॑। *(यजुर्वेद-महानारायणोपनिषद्-आरण्यक)*

चन्द्रमसे नक्षत्रेभ्यो दिग्भ्यो महते च इदं न मम। इन चार मंत्रों से भी घी की आहुतियाँ एक-एक बार देवें। **ॐ भूः स्वाहा, अग्नये इदं न मम। ॐ भुवः स्वाहा, वायवे इदं न मम। ॐ स्वः स्वाहा, सूर्याय इदं न मम। ॐ भूर्भुवः स्वः स्वाहा, प्रजापतये इदं न मम।**

स्विष्टकृत् होमः—दर्व्यामुपस्तीर्य हविर्भागस्योत्तरार्धतः सकृत् अवदाय अवत्तंतु द्विः अभिघार्य। स्रुवा से दर्वी में (स्रुक्) घी डालकर, चरु के उत्तर

भाग से चरु को निकालकर (हाथ से) दर्वी में रखें। फिर स्रुवा से उप पर दो बार घी डालें। आगे कहने वाले मंत्र को कहते हुए होम कुण्ड में ईशान्य दिशा में डालें। यदस्येति हिरण्यगर्भोग्निः स्विष्टकृद्घृतिः स्विष्टकृत् होमे विनियोगः।

ॐ यदस्य कर्मणोत्यरीरिचंयद्वान्यूनमिहाकरम्। अग्निष्टत्स्विष्टकृद्विद्वान्त्सर्वं स्विष्टंसुहुतं करोतु मे॥
अग्नये स्विष्टकृते सुहुतहुते सर्वप्रायश्चित्ताहुतीनां कामानां समर्धयित्रे सर्वान्नः कामान्त्समर्धय: स्वाहा॥ *(श्रौत मन्त्र)*

इन दो मंत्रों को कहकर अग्नि के ईशान्य भाग में होम करें। स्विष्टकृतेऽग्नय इदं न मम।

इध्म बंधन रज्जुं विस्रस्य

पहले जिस रस्सी (कुशा निर्मित) से इध्यम बाँधे थे उस रस्सी को खोलकर उसे—ॐ रुद्राय पशुपतये स्वाहा, रुद्राय पशुपतये इदं न मम। कहकर होम करें। **प्रायश्चित आज्याहुतीः सप्त जुहुयात्।** प्रायश्चित सात घी की आहुतियाँ देवें। अयाश्चेतिविमदोया अग्निः पंक्तिः प्रायश्चित्याज्य होमे विनियोगः।

ॐ अयांश्चाग्नेस्यनंभिशस्तीश्चसत्यमित्वमया असि अयासावयंसाकतो यासंन्हव्यमूंहिषेयानोंधेहि भेषजं स्वाहा॥

(यजुर्वेद-आरण्यक)

अग्नेय इदं न मम। अतो देवाः काण्वोमेधातिथिर्देवा गायत्री प्रायश्चिताज्यहोमे विनियोगः।

ॐ अतोंदेवा अवंतु नो यतोविष्णुर्विचक्रमे। पृथिव्याः सप्त धामभिः स्वाहा॥ *(ऋग्वेद १.२२.१६)*

देवेभ्य इदं न मम। इदं विष्णुः काण्वोमेधातिथिर्विष्णुर्गायत्री प्रायश्चित्ताज्यहोमे विनियोगः।

ॐ इदं विष्णुर्विचंक्रमे त्रेधानिदंधे पदं। समूंळहमस्यपांसुरे स्वाहा॥ *(ऋग्वेद १.२२.१७)*

विष्णवे इदं न मम। व्यस्त समस्त व्याहृतीनां विश्वामित्र जमदग्निर्भरद्वाज प्रजापतय ऋषयः, अग्निवायुसूर्यप्राजापतयो देवताः गाय त्र्युष्णिगनुष्टुबृहत्यश्छंदांसि। प्रायश्चित्ताज्य होमे विनियोगः। ॐभूः स्वाहा, अग्नये इदं न मम। ॐभुवः स्वाहा, वायवे इदं न मम। ॐस्वः स्वाहा, सूर्याय इदं न मम। ॐभूर्भुवः स्वः स्वाहा,

प्रजापतये इदं न मम। यहाँ पर यजमान के द्वारा करने वाला प्रायश्चित होम संपन्न हुआ। यज्ञ के पूजन होम में अनेक प्रकार के लोप संभव है। अतः उनके निवारण के लिए प्रायश्चित्त होम आवश्यक है। यजमान के प्रायश्चित होम से भी बचे हुए लोप दोषों के निवारण के लिए ब्रह्म प्रायश्चित विधान है। ब्रह्मा के स्थान पर यदि कुश हो तो स्वयं आचार्य ही ब्रह्म प्रायश्चित होम करें।

ब्रह्म प्रायश्चित्त होमः

ब्रह्मा के स्थान पर बैठे पं. जी के द्वारा यज्ञ में सपन्न लोप दोषों की निवृत्ति के लिए ब्रह्मा जी प्रायश्चित होम करते हैं।

ततो ब्रह्मा कर्तारं परीत्याग्नर्वायव्यदेशे तिष्ठन् एता एव सप्त आज्याहुतीर्जुहुयात्।

उसके बाद ब्रह्मा जी यजमान के पीठे से जाकर अग्नि के वायव्य दिशा में खडे होकर पूर्वोक्त सात मंत्रों से आहुति देवें। ब्रह्म प्रायश्चित्याज्यहोमे विनियोगः।

ॐ अयाश्चाग्नेस्यनंभिशस्तीश्चंसत्यमित्वमया असि।
अयांसावयंसाकृतो यासंन्हव्यमूंहिषेयानों धेहि भेषजम् स्वाहां॥ *(यजुर्वेद-आरण्यक)*

अग्नेय इदं न मम। इस पंक्ति को यजमान या अचार्य कहें।

ॐ अतों देवा अवंतु नो यतोविष्णुंर्विचक्रमे। पृथिव्याः सप्त धामंभिः स्वाहां॥ *(ऋग्वेद १.२२.१६)*

देवेभ्य इदं न मम (इस पंक्ति को आचार्य पढ़ें।)

ॐ इदं विष्णुर्विचंक्रमे त्रेधा निदंधे पदं। समूंळहमस्य पांसुरे स्वाहां॥ *(ऋग्वेद १.२२.१७)*

विष्णाव इदं न मम। (आचार्य इस पंक्ति को कहें) ॐभूः स्वाहा, अग्नये इदं न मम। ॐभुवः स्वाहा, वायवे इदं न मम। ॐस्वः स्वाहा, सूर्याय इदं न मम। ॐभूर्भुवः स्वः स्वाहा, प्रजापतये इदं न मम। स्वाहा तक ब्रह्मा जी कहते है। इदं न मम वाला भाग यजमान व आचार्य को ही कहना हैं, त्याग को ब्रह्मा

नहीं करना चाहिये। इदं न मम त्याग कहलाता है। ततो ब्रह्मा यथा आगतं तथैव स्वस्थाने उपविशेत्। ब्रह्मा जी जिस प्रकार आये थे उसी प्रकार जाकर अपने आसन पर बैठें। अनाज्ञातमिति मंत्रद्वयस्य हिरण्यगर्भोऽग्निरनुष्टुप्, ज्ञाताज्ञातदोष निबर्हणार्थं प्रायश्चित्ताज्य होमे विनियोगः।

ॐ अनाज्ञातं यदाज्ञातं यज्ञस्य क्रियतेमिथु। अग्नेतदस्य कल्पयत्वं हिवेत्थयथातथं स्वाहा॥ *(यजुर्वेद-आरण्यक)*

अग्नये इदं न मम।

ॐ पुरुषसंमितो यज्ञोयज्ञः पुरुषसंमितः। अग्नेतदस्य कल्पयत्वं हिवेत्थयथातथं स्वाहा॥ *(यजुर्वेद-आरण्यक)*

यत्पाकत्रेत्याप्त्यस्त्रितोग्निस्त्रिष्टुप्। प्रायश्चिताज्य होमे विनियोगः।

ॐ यत्पाकत्रामनसादीनदक्षानयज्ञस्य मन्वतेमर्त्यासः।
अग्निष्टद्धोता क्रतुविद्विजानन्यजिष्ठो देवाँऋतुशोयजाति स्वाहा॥ *(ऋग्वेद १०.२.५)*

अग्नय इदं न मम। ॐयद्वोदेवा अभितपामरुत स्त्रिष्टुप्। मंत्र तंत्र विपर्यासादि निमित्तक प्रायश्चिताज्य होमे विनियोगः।

ॐ यद्वोदेवा अतिपातयानि वाचाचप्रयुतीदेवहेळनं।
अरायो अस्माँ अभिदुच्छुनायतेन्यत्रास्मन्मरुतस्तन्निधेतनस्वाहा॥ *(यजुर्वेद-आरण्यक)*

मरुद्भ्य इदं न मम। ततः स्कन्न भिन्नाद्यनियत निमित्ते सति वक्ष्यमाण प्रकारेण तत् प्रतिपदोक्त जप होमान् कुर्यात्। इसके बाद गिरने वाले, टूटने वाले सभी दोष जिनका वर्णन संभव नहीं है, उनके प्रायश्चित के लिए आगे कहने वाले जप एवं होम करें।

ॐभूः स्वाहा, अग्नये इदं न मम। ॐभुवः स्वाहा, वायवे इदं न मम। ॐस्वः स्वाहा, सूर्याय इदं न मम। ॐभूर्भुवः स्वः स्वाहा, प्रजापतये इदं न मम। यहाँ पर प्रायश्चित होम समाप्त हुआ। प्रारम्भ दिन से अन्तिम दिन तक यह होम कार्य एक जैसा है।

विष्णु सर्वाद्भुत होमस्य सर्व फलावाप्त्यर्थं साङ्गतासिद्ध्यर्थं च यावच्छक्ति ध्यानावाहनादि षोडशोपचार पूजां करिष्ये। होम कुण्ड में आचार्य एवं कलश वेदि में प्रधानाचार्य एक साथ पूजन करें। प्रधान देवता विष्णु मंत्रों से।

षोडशोपचार पूजनम् (कुराड में)

ध्यान—विष्णुं जिष्णुं महाविष्णुं प्रभविष्णुं महेश्वरम्। अनेकोत्पात शमनं नमामि पुरुषोत्तमम्॥ नमोनारायणाय।

आवाहन-ॐ सहस्रंशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रंपात्। स भूमिं विश्वतोंवृत्वात्यं तिष्ठद् दशांगुलम्॥ *(ऋग्वेद १०.९०.१)*
ॐ हिरंरायवर्णां हरिणीं सुवर्णरजत स्रंजाम्। चन्द्रां हिरणमयीं लक्ष्मीं जातंवेदो म आवंह॥ *(पञ्चम मराडलस्य परिशिष्टम्)*
सपरिवार श्री विष्णावे नमः। आवाहयामि। आवाहनं समर्पयामि।

आसनम्—ॐ पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्। उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेना तिरोहंति॥ *(ऋग्वेद १०.९०.२)*
ॐ तां म आवंह जातवेदो लक्ष्मीमनंपगामिनीम्। यस्यां हिरंरायं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम्॥ *(पञ्चम मराडलस्य परिशिष्टम्)*
सपरिवार श्रीविष्णावे नमः। आसनं समर्पयामि।

पाद्यम्— ॐ एतावानस्य महिमाऽतो ज्यायांश्च पुरुषः। पादोंऽस्य विश्वांभूतानिं त्रिपादस्यामृतं दिवि॥ *(ऋग्वेद १०.९०.३)*
ॐ अश्वपूर्वां रंथमध्यां हस्तिनांद प्रमोदिनीम्। श्रियं देवीमुपंह्वये श्रीर्मा देवी जुंषताम्॥ *(पञ्चम मराडलस्य परिशिष्टम्)*
सपरिवार श्रीविष्णावे नमः। पादारविंदयोः पाद्यं पाद्यं समर्पयामि।

अर्घ्यं— ॐ त्रिपादूर्ध्व उदैत् पुरुषः पादोंऽस्येहा भंवत्पुनः। ततो विश्वं व्यंक्रामत् साशनानशने अभि॥ *(ऋग्वेद १०.९०.४)*
ॐ कां सोस्मितां हिरंराय प्राकारामार्द्रां ज्वलंन्तीं तृप्तां तर्पयंन्तीम्।
पद्मेस्थितां पद्मवंर्णां तामिहो पंह्वये श्रियम्॥ *(पञ्चम मराडलस्य परिशिष्टम्)* सपरिवार श्रीविष्णावे नमः। हस्तयोः अर्घ्यमर्घ्यं समर्पयामि।

आचमनम्—ॐ तस्माद्विराळजायत विराजो अधिपूरुषः। स जातो अत्यरिच्यत पश्चाद् भूमिमथो पुरः। (ऋग्वेद १०.९०.५)

ॐ चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देवजुष्टा मुदाराम्।
तां पद्मिनीमीं शरणमहं प्रपद्येऽलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणे॥ (पञ्चम मण्डलस्य परिशिष्टम्)

सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। मुखे आचमनीयं समर्पयामि।

पञ्चामृत स्नानम् (दूध)— ॐ आप्यायस्व समेतु ते विश्वतः सोमवृष्ण्यं। भवावाजस्य संगथे। (ऋग्वेद १०.९१.१६)

सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। पयः स्नानं समर्पयामि।

शुद्ध जल—ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमो नमः। भवे भवेनाति भवे भवस्वमाम् भवोद्भवाय नमः॥
(यजुर्वेद-महानारायणोपनिपत् आरण्यक)

सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। शुद्धोदक स्नानं समर्पयामि

दहि— ॐ दधिक्राव्णो अकारिषं जिष्णोरश्वस्य वाजिनः। सुरभिनोमुखा करत्प्रण आयूंषितारिषत्॥ (ऋग्वेद ४.३९.६)

सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। दधि स्नानं समर्पयामि।

शुद्ध जल—ॐ वामदेवाय नमो ज्येष्ठाय नमश्रेष्ठाय नमो रुद्राय नमः कालाय नमःकलविकरणाय
नमोबलाय नमो बलप्रमथनाय नमस्सर्वभूतदमनाय नमो मनोन्मनाय नमः। (यजुर्वेद-महानारायणोपनिषत्-आरण्यक)

सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। शुद्धोदक स्नानं सपर्मयामि।

घी— ॐ घृतं मिमिक्षे घृतमस्ययोनिर्घृते श्रितो घृतं वस्य धाम।
अनुष्वधमावह मादयस्व स्वाहाकृतं वृषभवक्षि हव्यम्॥ (ऋग्वेद २.३.११) सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। घृतस्नानं समर्पयामि।

शुद्ध जल—ॐ अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोरघोरतरेभ्यः। सर्वेभ्यः सर्वशर्वेभ्यो नमस्ते अस्तु रुद्ररूपेभ्यः॥ *(यजुर्वेद-महानारायणोपनिषत्-आरण्यक)*

सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। शुद्धोदक स्नानं समर्पयामि।

मधु (शहद)—ॐ मधुवाता ऋतायते मधुक्षरंति सिंधवः। माध्वीर्नः संत्वोषधीः॥ मधुनक्तमुतोषसो मधुमत् पार्थिवं रजः। मधुद्यौरस्तु नः पिता॥ मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँ अस्तु सूर्यः। माध्वीर्गावो भवंतु नः॥ *(ऋग्वेद १.९०.६)* सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। मधु स्नानं समर्पयामि।

शुद्ध जल—ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि। तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्॥ *(यजुर्वेद-महानारायणोपनिषत्-आरण्यक)*

सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। शुद्धोदक स्नानं सपर्पयामि।

शर्करा (शक्कर)—ॐ स्वादुः पवस्व दिव्याय जन्मने स्वादुरिंद्राय सुहवीतु नाम्ने। स्वादुर्मित्राय वरुणाय वायवे बृहस्पतये मधुमाँ अदाभ्यः॥ *(ऋग्वेद ९.८५.६)*

सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। शर्करा स्नानं समर्पयामि।

शुद्ध जन—ॐ ईशानस्सर्वविद्यानामीश्वरस्सर्वभूतानां ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्मणोऽधिपतिर्ब्रह्मा शिवो मे अस्तु सदाशिवोऽम्॥ *(यजुर्वेद-महानारायणोपनिषत्-आरण्यक)*

सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। शुद्धोदक स्नानं समर्पयामि।

फल— ॐ याः फलिनी र्या अफला अपुष्पायाश्च पुष्पिणीः। बृहस्पतिं प्रसूतास्तानो मुञ्चन्त्वं हंसः॥ *(ऋग्वेद १०.९७.१५)*

सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। फल स्नानं समर्पयामि।

शुद्धोदक—ॐ आपोहिष्ठा मयोभुवस्तानऊर्जे दधातन। महेरणाय चक्षसे॥ यो वः शिवतमोरसस्तस्य भाजयते हनः। उशतीरिव मातरः॥ तस्मा अरंगमाम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ। आपो जनयथा च नः। (ऋग्वेद १०.९.१-२-३)

ॐ कद्रुद्राय प्रचेतसे मीळहुष्टमाय तव्यसे। वोचेम शंतमं हृदे॥ (ऋग्वेद १.४३.१)

ॐ यथा नो अदितिः करत्पश्वे नृभ्यो यथा गवे। यथा तोकाय रुद्रियम्॥ (ऋग्वेद १.४३.२)

ॐ यथा नो मित्रो वरुणो यथा रुद्रश्चिकेतति। यथा विश्वे सजोषसः।

ॐ गाथपतिं मेधपतिं रुद्रं जलाषभेषजम्। तच्छं योः सुम्नमीमहे॥

ॐ यः शुक्र इव सूर्यो हिरण्यमिव रोचते। श्रेष्ठो देवानां वसुः।

ॐ शं नः करत्यर्वते सुगं मेषाय मेष्ये। नृभ्यो नारिभ्यो गवे॥

ॐ अस्मे सोम श्रियमधि नि धेहि शतस्य नृणाम्। महिश्रवस्तुविनृम्णम्॥

ॐ मानः सोमपरिबाधो मारातयो जुहुरंत। आ न इंदो वाजे भज॥

ॐ यास्ते प्रजा अमृतस्य परस्मिन्धामन्नृतस्य। मूर्धा नाभा सोमवेन आ भूषंतीः सोम वेदः॥ (ऋग्वेद १.४३.३-४-५-६-७-८-९)

ॐ नमः सोमाय च रुद्राय च नमस्ताम्राय चारुणाय च नमः शंगाय च पशुपतये च नम उग्राय च भीमाय च नमो अग्रेवधाय च दूरेवधाय च नमो हन्त्रे च हनीयसे च नमो वृक्षेभ्यो हरिकेशेभ्यो नमस्ताराय नमः शंभवे च मयोभवे च नमः शंकराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च नम स्तीर्थ्यायच कूल्याय च नमः पार्याय चावार्याय च नमः प्रतरणाय चोत्तरणाय च नम आतार्याय चालाद्याय च नमशष्प्याय च फेन्याय च नमःसिकत्याय च प्रवाह्याय च। (यजुर्वेद-४ काण्ड-५ प्रश्ने-८ अनुवाक)

ॐ तच्छंयोरावृंणीमहे। गातुं यज्ञायं। गातुं यज्ञ पंतये। दैवीः स्वस्तिरंस्तु नः। स्वस्तिर्मानुंषेभ्यः।
ऊर्ध्वं जिंगातु भेषजम्। शं नों अस्तु द्विपदें। शं चतुंष्पदे। ॐ शांतिः शांतिः। शांतिः॥ (यजुर्वेद-आरण्यक)
ॐ यत्पुरुंषेण हविषा देवा यज्ञमतंन्वत। वसंतो अंस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः॥ (ऋग्वेद १०.९०.६)
ॐ आदित्यवंर्णो तपसोऽधिंजातो वनस्पतिस्तवं वृक्षोऽथ बिल्वः।
तस्य फलांनि तपसा नुंदंतु मायांतरा याश्च बाह्या अलक्ष्मीः। (ऋग्वेद पञ्चम मण्डलस्य परिशिष्टम्)

सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। शुद्धोदक स्नानं समर्पयामि।

वस्त्र— ॐ युवं वस्त्राणि पीवसावंसाथे युवोरच्छिंद्रा मंतंवो हसर्गाः।
अवांतिरमनृंतानि विश्वं ऋतेनं मित्रा वरुणा सचेथे॥ (ऋग्वेद १.१५२.१)
ॐ तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन् पुरुंषं जातमंग्रतः। तेनं देवा अंयजंत साध्या ऋषंयश्च ये॥ (ऋग्वेद १०.९०.७)
ॐ उपैंतु मां देंवसखः कीर्तिश्च मणिंना सह। प्रादुर्भूतोऽस्मिं राष्ट्रेऽस्मिन् कीर्तिमृंद्धिं ददातुं मे॥
(ऋग्वेद पञ्चम मण्डलस्य परिशिष्टम्)

सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। वस्त्रं समर्पयामि।

यज्ञोपवीतं—ॐ यज्ञोंपवीतं परमं पवित्रं प्रजांपतेर्यत् सहजं पुरास्तात्। आयुष्यमग्रयं प्रतिमुंञ्चशुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमंस्तु तेजः॥
ॐ तस्मांद्यज्ञात् संर्वहुतः संभृंतं पृषदाज्यम्। पशून्ताँश्चंक्रे वायव्यांनारण्यान् ग्राम्याश्च ये॥ (ऋग्वेद १०.९०.८)
ॐ क्षुत् पिपासामंलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहंम्। अभूंतिमसंमृद्धिं च सर्वान्निर्णुद मे गृहात्॥ (पञ्चम मण्डलस्य परिशिष्टम्)

सपरिवार श्रीविष्णवे नमः। यज्ञोपवीतं समर्पयामि।

आभरण— ॐ हिरंण्यरूपः स हिरंण्य संदृग्पान्नपात् सेदु हिरंण्यवर्णः। हिरण्ययात् परियोनें र्निषद्यां हिरण्यदा दंदुत्यन्नंमस्मै ॥ (ऋग्वेद २.३५.१०)

सपरिवार श्रीविष्णावे नमः। आभरणं समर्पयामि।

गन्ध— ॐ गंधं द्वारां दुंराधर्षां नित्यपुंष्टां करीषिणींम्। ईश्वरीं सर्वंभूतानां तामिहोपंह्वये श्रियम् ॥ (पञ्चम मण्डलस्य परिशिष्टम्)

ॐ तस्मांद्यज्ञात् सर्वहुत ऋचः सामांनि जज्ञिरे। छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्य जुस्तस्मांदजायत ॥ (ऋग्वेद १०.९०.९)

सपरिवार श्रीविष्णावे नमः। गन्धं समर्पयामि।

अक्षत— ॐ अर्चंत प्रार्चंत प्रियंमेधासो अर्चंत। अर्चंन्तु पुत्रका उतपुरंन्न धृष्णवर्चत ॥ (ऋग्वेद ८.६९.८)

सपरिवार श्रीविष्णावे नमः। अक्षतान् समर्पयामि।

पुष्पाणि— ॐ आयंने ते परायंणे दूर्वारोहंतु पुष्पिणीः। हृदाश्चं पुण्डरींकाणि समुद्रस्यं गृहा इमे ॥ (ऋग्वेद १०.१४२.८)

ॐ तस्मादश्वां अजायन्त ये के चों भयादंतः। गावोंहजज्ञिरे तस्मात् तस्मांज्जाता अंजावयः ॥ (ऋग्वेद १०.९०.१०)

ॐ मनंसः काममाकूंतिं वाचः सत्यमंशीमहि। पशूनां रूपमन्नस्य मयि श्रीः श्रंयतां यशः ॥ (ऋग्वेद पञ्चम मण्डलस्य परिशिष्टम्)

सपरिवार श्रीविष्णावे नमः। पुष्पाणि समर्पयामि।

ऐशान्यां दिशि। ॐशिखायै वषट् नमः। नैर्ऋत्यां दिशि। ॐकवचाय हुम्

प्रथमावरण पूजनम्— ॐहृदयाय नमः। आग्नेय दिशि। ॐशिरसे स्वाहा नमः।

नमः। वायव्यां दिशि। ॐनेत्रत्रयाय वौषट् नमः। अग्रे ॐअस्त्राय फट् नमः। आग्नेयादि कोणेषु पूजयेत् *(अनुष्ठान पद्धति)*। पूजन करे।

